संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
09 मार्च 2025, रविवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 158
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

राज्यपाल संतोष गंगवार दो़ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोंगेय आपामेना

रांची। झारखंड रेन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दो़ जारूममाहां हिलोक् नावां दिल्ली रे मेनाक् राष्ट्रपति भवन रे भारत रेन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोंगेय आपामेना। नोआ ताला रे ए पोनोत् रेयाक् लाहान्ती होयोक् बाबोत् रेय गालमाराव केदा। राज्यपाल गंगवार दो़ नोआ ओपसोर रे राज भवन सेच् खोन उछ्नाकान 'राज भवन पत्रिका' रेयाक् मित् साकाम राष्ट्रपतिये एमादेया।

पीएम मोदी ने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से बात की, कहा

मैं दुनिया में सबसे अमीर, मेरे खाते में करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद

एजेंसी

नवसारी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी पहुंचे। खुली जीप में हेलीपैड से करीब 700 मीटर का रोड शो करते हुए वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से बात की। पीएम ने कहा कि मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। क्योंकि, मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं-बहनों और बेटियों का आशीर्वाद जमा है। ये आशीर्वाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इससे पहले मुझे महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला है और आज मातृशक्ति का आशीर्वाद मिला है।

पीएम ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को सभी अधिकार मिल गए हैं। पहले वहां महिलाएं मूलभूत सुविधाओं से वंचित थीं। पिछली सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं थी। हमने सरकार में आते ही सबसे पहले उन महिलाओं के लिए काम किया। इसके अलावा हमारी सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई।

मातृत्व अवकाश 26 हफ्ते का किया पीएम ने कहा- चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या खेल का मैदान, महिलाएं देश के हर क्षेत्र में मौजूद हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिला मंत्री, 2019 में पहली बार हमारी संसद में 78 महिला सांसद चुनी गई हैं। कामकाजी महिलाओं को पहले सिर्फ 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलता था। हमारी सरकार ने इसे 26 हफ्ते कर दिया है।महिलाओं के श्रम से देश का विकास हुआ

पीएम ने कहा कि आज के कार्यक्रम की सारी जिम्मेदारी महिलाओं ने अपने ऊपर ली। यह महिलाओं के ऊंचे आत्मविश्वास को दर्शाता है। भारत महिला नेतृत्व का एक महान उदाहरण है। महिलाओं के श्रम और पराक्रम से ही देश का विकास हुआ है। गुजरात के गांवों की लाखों महिलाओं ने आज दूध उत्पादन में क्रांति ला दी है। हमारी सरकार ने डेयरियों से दूध का पैसा सीधे बहनों के खाते में पहुंचाया। इसके अलावा कई योजनाओं का पैसा सीधे ट्रांसफर किया गया, जिससे बिचौलिए खत्म हो गए और इसका फायदा महिलाओं को मिला।

सिरा़मंत्री दो़य मेन केदा -'आदिवासीकोवाक् संस्कृति जोगाव ला़गित्सरकार दो़य मो़नेयाक्

सिरा़मंत्री दो़ माराडपो़रो़ब ओ़पसो़र रे पुरा़उ पो़नो़तवा़सीको 'बाहा पो़रो़ब' रेयाक् जोहार आर बोगेआसे एमात्कोआ

खोबोरिया

जमशेदपुर। सिरा़मंत्री हेमन्त सोरेन दो़ शनिवार हिलोक् प्रकृति पूजक रेयाक् माराङ पो़रो़ब 'बाहा पो़रो़ब' ओ़पसो़र रे जमशेदपुर, कदमा रेयाक् शास्त्रीनगर रे मेनाक् सरना पूजा़ ठाँय जाहेरथान रे पारंपरिक विधि-विधान सालाक्ए पूजा़-पाठ केदा आर पो़नो़तवा़सीकोवाक् सुख, सा़नती, लाहान्ती आर भा़ला़ई रेयाक् गॉड नेहोरेना। नोआ ताक रे सिरा़मंत्री दो़ गुरू गो़मके पंडित रघुनाथ मुर्मूवाक् मुरती मुठा़न रे बाहामाला आरावकातेय दिसा़ केदेया।

आदिवासीकोवाक् संस्कृति जोगाव ला़गित् सरकार दो़य तेयार गेया

सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़य मेन केदा जे आदिवासी सोमाज केटेच् बानाव ला़गित् सरकार दो़ तेयार सांवते लाहा सेच्ए लाहाक् काना। का़उडी लाहान्ती, शिक्षा, स्वास्थ्य आर सामाजिक संरक्षण सांव-सांवते बहुआयामी दृष्टिकोण रे आधारित केटेच् एमावाक् काना। शनिवार हिलोक् आदिवासी सोमाज मित्जुटूक् रेयाक् जा़रूड़ काना। आदिवासी सभ्यता आर संस्कृति दो़ झारखंड रेयाक् पहचान काना। आदिवासी सोमाज गे प्रकृति रेन आ़सली संरक्षक कानाको। नोआ ताक रे मंत्री रामदास सोरेन, सांसद श्रीमती जाबा मांझी, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक श्री मंगल कालिंदी, विधायक श्री संजीव सरदार, विधायक श्रीमती सविता महतो, पूर्व मंत्री श्री बन्ना गुप्ता छाडा आदिवासी संताल जाहेरथान समिति रेन संरक्षक श्री लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष श्री भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रम कासके, सचिव श्री पंचू हांसदा, महासचिव भीम छाडा माझी बाबा श्री बिन्दे सोरेन, श्री सुरेंद्र टुडू आर समिति रेन एटाक् आर रा़सिया़कोको ताहेंकाना।

संक्षिप्त खबरें

मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखायेगी

रांची । झारखंड में मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखायेगी। माह के अंत से रांची सहित अधिकांश जिलों में तापमान चार से पांच डिग्री की वृद्धि होगी। इससे रांची में तापमान बढ़कर लगभग 37-38 डिग्री हो जाएगा, जबकि गर्मी अभी तीन माह बाकी है। वहीं शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। सुबह में ठंड का एहसास हुआ, जबकि दोपहर में गर्मी का एहसास हुआ। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री, जमशेदपुर में 32.9, डालटेनगंज में 33.2, बोकारो में अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री, चाईबासा 34.8, देवघर 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

नई दिल्ली । दिल्ली की भाजपा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को महिला समृद्धि योजना को लागू करने की घोषणा की। इसके तहत दिल्ली की गरीब महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलेंगे। लाभार्थियों के सत्यापन के लिए ई-केवाईसी का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में इस योजना को लागू करने की मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने प्रारंभिक रूप से इस योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के कार्यान्वन के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद और कपिल मिश्रा शामिल हैं।

एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या

संवाददाता

हजारीबाग । एनटीपीसी कोल परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच डिपार्टमेंट के डीजीएम पद पर कार्यरत गौरव कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गई। शनिवार को वे अपने घर से हजारीबाग से ऑफिस के लिए निकले थे। उनकी गाड़ी जैसे ही हजारीबाग के फतहा चौक के पास पहुंची बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी ओवरटेक कर उन्हें गोली मार दी। वे ऑफिस की स्कॉर्पियो में सवार थे। गाड़ी में उनके अलावा दो और लोग बैठे थे। आनन-फानन में उन्हें पास के ही आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक गौरव बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे।घटना की जानकारी मिलते ही डीजीएम के बड़े पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अस्पताल में जिले के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद थे। मामले को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। चर्चा इस बात भी हो रही है इलाके में

लेवी को लेकर आए दिन माइनिंग कंपनियां और उसके कर्मी अपराधियों की रडार पर रहते हैं। इससे पहले भी आउटसोर्सिंग कंपनी के जीएम की हत्या लेवी के लिए अपराधियों ने कर दी थी।

इस घटना की वजह भी लेवी से ही जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि कुमार गौरव पर ही कोयला डिस्पैच की जिम्मेदारी थी।

वहीं कुमार गौरव की गाड़ी में ड्राइवर और एक और कर्मी साथ था। कुमार गौरव पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। गोली सीधे कुमार गौरव को लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने अमृत घोषित कर दिया।यह घटना आग की तरह पूरे हजारीबाग में फैल गई।

एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली।

वहीं जिले के एसपी अरविंद कुमार सिंह अस्पताल में जानकारी प्राप्त कर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

वहीं अस्पताल परिसर में जिले भर के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने कहा कि घटना कैसे हुई है यह जांच का विषय है। घटना ने सुरक्षा पर अवश्य सवाल खड़ा कर दिया है।उन्होंने कहा कि घटना के बाद परिवार के लिए क्या कर सकते हैं यह बेहद जरूरी है। जिस तरह से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है यह कई सवाल जरूर खड़ा कर रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि अभी सबसे बड़ी बात यही है कि कंपनी ने एक होनहार पदाधिकारी को खो दिया। जो भारत सरकार के लिए काम कर रहा था। उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी।

कोल माइनिंग पकरी बरवाडीह के अध्यक्ष कमल राम रजक ने इस घटना पर दुख जताया है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि एनटीपीसी के पदाधिकारी और कर्मियों की सुरक्षा का इंतजाम पुख्ता हो।

उल्लेखनीय है कि कुमार गौरव अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। उनके पिता की मृत्यु जब वह दो साल के थे तभी हो गई थी। उनकी माता ने परिवार का भरण पोषण किया। बहुत ही मेहनत से उन्होंने यह नौकरी पाई थी। उनकी उम्र लगभग 42 वर्ष थी। उनकी एक बेटी है जिसकी उम्र 10 वर्ष है। जो हजारीबाग के स्कूल में पढ़ाई करती हैं।

मंईयां सम्मान योजना की रकम भेजी जा रही है, एक साथ खाते में आएंगे 7500 रुपए : मुख्यमंत्री

एजेंसी

रांची । झारखंड की महिलाओं के बैंक खाते में मंईयां सम्मान योजना के तहत एक साथ 7500 रुपए भेजे जा रहे हैं। योजना के तहत दो महीने जनवरी और फरवरी की रकम लंबित थी। त्योहारी सीजन को देखते हुए सरकार तीनों महीनों जनवरी, फरवरी और मार्च की सहायता राशि एक साथ खाते में डाल रही है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंईयां सम्मान योजना के तहत महिला लाभार्थियों के खातों में 7500 रुपए की रकम जमा की जा रही है। राज्य सरकार इस योजना के तहत 50 लाख से अधिक महिला लाभार्थियों को 2500 रुपए प्रति माह प्रदान करती है। एक अधिकारी ने बताया कि

योजना के तहत लाभ दो महीने जनवरी और फरवरी से लंबित था। सरकार ने त्योहारी सीजन को देखते हुए तीनों महीनों जनवरी, फरवरी और मार्च की रकम खाते में डालने का फैसला किया है, जो कुल मिलाकर 7500 रुपए हो जाती है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि झारखंड में महिला दिवस पर राज्य की महिलाओं के बैंक खातों में 7500 रुपए की पूरी सहायता पहुंच रही है।

उन्होंने आगे कहा कि अब होली के पावन पर्व पर सभी मंईयां (महिलाएं) अपने परिवार के साथ रंगों का आनंद लेंगी और इस रकम का उपयोग अपने परिवार की खुशियां बढ़ाने में करेंगी।

मैं राज्य की सभी महिलाओं को नमन करता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।इससे पहले विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के सदस्य भी सरकार से सवाल कर रहे थे कि लाभार्थियों के खातों में यह रकम कब जमा होगी।

झामुमो विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को सरकार से पूछा था कि लाभार्थियों को यह रकम कब दी जाएगी। 27 फरवरी को विपक्षी सदस्यों ने योजना के तहत भुगतान में देरी को लेकर विधानसभा में सरकार को घेरा था।

कांग्रेस झारखंड को अलग राज्य नहीं बनने देती : चंपाई

संवाददाता

रांची । राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने कहा है कि अटल बिहारी वाजपेयी के कारण ही झारखंड अलग राज्य मिला। कांग्रेस झारखंड को अलग नहीं होने देती। आज आदिवासियों के बारे में भाजपा और नरेंद्र मोदी ही चिंता करते हैं। एकलव्य विद्यालय देकर आदिवासी बच्चों को प्रधानमंत्री आगे बढ़ा रहे हैं। वह शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी समारोह को रांची जिला भाजपा कार्यालय में संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि देश में

आदिवासी आगे बढ़ें।

आज डेमोग्राफी पर कोई भी राजनीतिक दल बोलने के लिए तैयार नहीं है। अगर डेमोग्राफी पर किसी राजनीतिक दल को चिंता है तो भारतीय जनता पार्टी है और सिर्फ भाजपा है इस मुद्दे को उठा रही है।

गुजरात में पार्टी नाकाम हुई यह कहने में शर्म नहीं : राहुल

कहा-कांग्रेस के आधे नेता भाजपा से मिले

एजेंसी

अहमदाबाद । लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने कहा कि, गुजरात में कांग्रेस की लीडरशीप में दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं उनके लिए लड़ते हैं, उनकी इज्जत करते हैं जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे हैं, जो जनता से कटा हुआ है दूर बैठता है और उसमें से आधे बीजेपी से मिले हैं। कांग्रेस सांसद ने यह बात गुजरात

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। गुजरात की जो लीडरशीप हैं उसमें दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। ये दो टाइप के हैं।

महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा : कल्पना

विभिन्न महिला समूहों की सदस्यों से की मुलाकात

संवाददाता

रांची । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न महिला समूहों की सदस्याएं कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विधायक कल्पना सोरेन से मिलीं। इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी मांगों एवं भावनाओं को ज्ञापन के माध्यम से सुना।

विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक

एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही महिलाओं के बैंक खातों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी जाएगी।

विधायक कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है।

मईयां सम्मान योजना, वरदान या सरदर्द !

चंदन मिश्र

राज्य और राजनीति

रांची जिले के तमाड़ प्रखंड में एक व्यक्ति ने प्रज्ञा केंद्र के संचालक के साथ मिलकर घोटाला किया और मईयाँ सम्मान योजना के तहत 112 लाभुकों की राशि अपने बैंक खाते में डलवा लिया। यानी जिन लाभुकों के बैंक खाते में यह राशि जानी थी, वहां नहीं गई। 112 लोगों को मिलने वाली इस योजना का लाभ बेईमानी से एक व्यक्ति ने उठा लिया। अब रांची जिले के डीसी इसकी जांच करवा रहे हैं।

आज की यह ताजा खबर है। इस तरह की खबरें पिछले दो महीने से राज्य के विभिन्न जिलों से आ रही है। ऐसे घोटालेबाज हजारों की संख्या में हैं, जिन्होंने लाखों लाभुकों की राशि षडयंत्र के तहत हड़प ली है। सरकार इन घोटालेबाजों की जांच करवा रही है। शायद यही वजह है कि योजना की जनवरी और फरवरी की राशि लाभुकों के खातों में नहीं भेजी गई है। योजना राशि हड़पने का घोटाले और भ्रष्टाचार का यह एक गंभीर मामला है और इसका निराकरण होना ही चाहिए। वरना यह लोकप्रिय योजना बहुत जल्द अलोकप्रिय हो जाएगी। सरकार की बदनामी होगी वह अलग। साथ ही योजना की राशि न सिर्फ अयोग्य लोगों और कुपात्रों के हाथ चली जाएगी,बल्कि राज्य के खजाने पर बहुत बड़ी चपेट पड़ेगी। विकास योजनाओं के पैसे काटकर इस योजना में पैसे दिए जा रहे हैं। राज्य के लोगों के साथ यह बहुत बड़ा धोखा होगा।

झारखंड में मईयां सम्मान योजना हेमंत सरकार के लिए तो वरदान साबित हुई, लेकिन अब शासन और प्रशासन के लिए सरदर्द साबित हो रही है। मईयां सम्मान योजना की नाव पर सवार होकर इंडिया गठबंधन की सरकार ने चुनावी नदी पार कर लिया। अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को चुनाव में मात देकर झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने सत्ता की कुर्सी पर दोबारा काबिज होने में सफलता पा ली। लेकिन इस योजना के साथ अब घोटालेबाज खिलवाड़ करना शुरू कर चुके हैं। यह बहुत ही चिंताजनक और गंभीर विषय है। चुनाव पूर्व हेमंत सोरेन की सरकार ने दो महीने तक लगभग 55 लाख महिलाओं के नाम पर उनके बैंक खाते में एक हजार प्रति माह की दर से राशि भेजी थी। पूरे राज्य में इसकी खूब चर्चा हुई। महिलाओं ने इसका लाभ उठाते हुए इंडिया गठबंधन सरकार के पक्ष में मतदान कर सरकार के हजार रुपए के तोहफा को सूद समेत लौटा दिया।

चुनाव के दौरान झामुमो कांग्रेस गठबंधन के नेताओं ने एक हजार की राशि को चुनाव बाद 2500 रुपए करने का ऐलान कर खूब वाहवाही और साथ में वोट भी बटोरे। चुनाव जीतने के बाद हेमंत सरकार ने दिसंबर में लाभुकों के खातों में पहली किश्त भेज कर न सिर्फ इसका अंधाधुंध प्रचार किया और बल्कि चारों ओर इसकी खूब वाह- वाही बटोरी।

लेकिन जब जनवरी से 2500 रुपए देने की बारी आई तो मइयां योजना शासन और प्रशासन के लिए सरदर्द पैदा करने लगी। योजना की राशि सरकारीकर्मियों और प्रज्ञा केंद्र संचालकों की साठ गांठ से राशि कुपात्रों और घोटालेबाजों तक पहुंचने लगी। मीडिया में हर दिन खबरें उजागर होने लगी। जिला प्रशासन के सिर पर अब एक नया काम बोझ के रूप में आन पड़ा। उचित और योग्य लाभुकों की जांच पड़ताल शुरू हुई। हजारों की संख्या में फर्जी लाभुक सामने आने लगे। कई फर्जी लाभुकों के अलावा अयोग्य पात्र, सरकारी कर्मी और उनके रिश्तेदार योजना राशि डकारने में सफल रहे। लाभुकों की संख्या लाखों में घटने लगी है। 56 लाख से ज्यादा लाभुक घटकर फिलहाल 40 लाख से नीचे आ चुके हैं। जांच प्रक्रिया अभी भी जारी है।

चुनाव प्रचार के दौरान मईयाँ योजना जब नेताओं की जुबां पर प्रचारित होने लगी थी, तभी आम लोगों के मन में इस बात की आशंका थी कि योजना का लाभ असली लाभुकों को मिलेगी या यह योजना भी घोटाले की भेंट चढ़ेगी। आम आदमी की यह आशंका सच साबित हुई। अब सरकार को बहुत सावधानी से इस योजना को कार्यान्वयन करना होगा। घोटालेबाजों को बेनकाब करते हुए उचित और योग्य पात्रों को ही इस योजना का लाभ मिले, यह सुनिश्चित करना होगा। क्योंकि हजारों करोड़ की राशि सरकारी खजाने से ही निकलनी है, किसी राजनीतिक दल के बैंक खाते से नहीं। और सरकारी खजाने की असली मालिक राज्य की जनता होती है। फिर जनता के पैसे को इस तरह चुनाव जीतने के नाम पर कोई भी राजनीतिक दल घोटालेबाजों और अयोग्य लोगों के बीच लुटाए, यह क्या उचित होगा ?

सरकार आज राज्य में गरीबी रेखा से नीचे रहनेवाले लोगों की सूक्ष्मता से जांच करे तो हजारों क्या लाखों की संख्या में ऐसे लोग लाभुक के रूप में सामने आएंगे जो महीने हजारों या लाख रुपए तक कमाते हैं। कइयों के तो पक्के मकान हैं। उनके घर में एक से ज्यादा दो पहिए और चार पहिए वाहन तक हैं। आपको यह विश्वास न हो तो पांच किलो अनाज लेने वाले लाभुकों को किसी दिन जन वितरण प्रणाली की दुकान में जाकर देखें। इनमें से आधे से ज्यादा लाभुक अपनी बाइक या कार पर सवार होकर पांच किलो अनाज लेने जन वितरण प्रणाली की दुकान पर पहुंचते हैं। यह देश का असली सच है। 80 करोड़ लाभुकों में 30 करोड़ ऐसे ही लोग सामने आयेंगे,जो इस योजना के योग्य नहीं हैं। इसलिए राजनीतिक दलों को ऐसी लोक लुभावन योजनाएं लागू करने के पहले पूरी छानबीन करनी चाहिए। अन्यथा देश में फर्जीवाड़े या घोटालेबाजों की कमी नहीं है, जो सरकारी खजाने को लूटने में कोई संकोच नहीं करते हैं। और इसमें सत्ता पाने के लालच में राजनीतिक दल सहयोग करते हैं।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

सुरक्षाबलों ने आंसू गैस छोड़ी, हिंसा में 1 की मौत, 27 घायल

एजेंसी

मणिपुर । मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भडक़ उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोडने वाली सडक़ों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुई, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक पुरुष प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि 27 अन्य घायल हैं। मृतक की पहचान लालगौथांग सिंगसिट (30 साल) के रूप में हुई है। लालगौथांग झड़प के दौरान गोली लगने से घायल हुआ था। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। कुकी समुदाय के लोग फ्री मूवमेंट का विरोध कर रहे थे और सडक़ को ब्लॉक कर दिया, जिसे सुरक्षाबलों ने खुलवाने की कोशिश की तो उन्होंने हिंसा शुरू कर दी। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों को बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई और पत्थरबाजी में सुरक्षाबलों के 27 जवान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि कांगपोकपी में, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग 2 से लगे क्षेत्रों में तनाव बढने के कारण स्थानीय अधिकारियों ने कर्फ्यू लगा दिया।

लोट्स प्ले स्कूल में रंगों और सम्मान का अनूठा उत्सव

मिहिजाम- लाइनपार स्थित लोट्स प्ले स्कूल में शुक्रवार को होली मिलन और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर रंगों के इस पर्व को पूरे जोश और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगाने से हुई, जिससे विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे माहौल से भर गया। हर ओर हंसी-खुशी की गूंज सुनाई दे रही थी। शिक्षक भी पीछे नहीं रहे और उन्होंने बच्चों संग रंगों की मस्ती की। विद्यालय के संचालक और अन्य शिक्षक भी इस आयोजन में शामिल हुए, जिससे बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया। विद्यालय के निदेशक सत्यनारायण झा ने बच्चों को महिला दिवस और होली के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके योगदान को रेखांकित किया। साथ ही, उन्होंने समझाया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक भी है। बच्चों की खुशी को और बढ़ाने के लिए उन्हें टॉफियां वितरित की गईं, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली और महिला दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

गंदगी के खिलाफ जारी है जंग, स्वच्छता के हैं चार रंग

पटना । महिला दिवस के अवसर पर पटना नगर स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा जेडी विमेंस कॉलेज में महिला दिवस सह स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत केक काटकर की गई। पटना नगर निगम की जनसंपर्क अधिकारी श्वेता भास्कर ने सभी उपस्थित लोगों को क्यूआर कोड स्कैन कर स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के संबंध में जरूरी जानकारी दी। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर और लोक गायिका डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत ने गीत गाकर लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं यदि ठान लें तो असंभव को भी संभव कर सकती हैं। गंदगी के खिलाफ जंग में महिलाओं की विशेष भूमिका है। सूखा कचरा और गीला कचरा यदि घर पर ही अलग कर दिया जाए तो उनका डिस्पोजल बहुत आसान हो जाता है। पटना नगर निगम की ओर से अलग-अलग तरह के कचरा के लिए अलग-अलग रंग के डिस्पोजल बिन की व्यवस्था की गई है। उनका प्रयोग करना है और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी ओर से योगदान देना है। इस अवसर पर डॉ श्री सुमन, डॉ हिना रानी, डॉ अमर कुमार पंत, अमित कुमार गिरी, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. वीणा अमृत, डॉ मंजरी नाथ, श्वेत प्रीति, डॉ अमित सिंह, पूनम, इबराना नाम, सुधा अम्बष्ठ, प्रीति, शिवानी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

महिलाओं और छात्राओं को किया गया सम्मानित

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाल विकास परियोजना के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डीपीआरओ और बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में सेविका, सहायिका, जल सहिया और स्कूली छात्राओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं के कल्याण को ध्यान में रखते हुए गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। इसके साथ ही छात्राओं को शिक्षा में प्रोत्साहन देने के लिए सावित्रीबाई फुले योजना के तहत लाभ प्रदान किया गया जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को ब्लेजर वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमिताभ झा, एलएस मोनिका कुमारी, सेविका, सहिया समेत कई गणमान्य लोग और अधिकारी उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य आयोजन, महिलाओं के योगदान को सराहा गया

चितरंजन- चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शानदार समारोह आयोजित किया गया। बासंती इंस्टीट्यूट हॉल में हुए इस कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित किया गया और उनके सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। महाप्रबंधक विजय कुमार ने महिलाओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि चिरेका की सफलता में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिला कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी और उनके विकास के लिए नए कदम उठाए जाएंगे।चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा किरण बधान ने महिलाओं को उनके अधिकारों, आत्मनिर्भरता और शिक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार की प्रगति महिलाओं की सक्रिय भूमिका पर निर्भर करती है।इस वर्ष की थीम ÷एक्सीलरेट एक्शन÷ के तहत महाप्रबंधक और अध्यक्षा ने उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। महिला कर्मचारियों ने श्लोक, स्वागत गान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा माहौल उल्लास से भर गया।इस अवसर पर मुख्य कार्मिक अधिकारी रंजन मोहंती और एसीएमएस टुलू चक्रवर्ती सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, महिला कर्मचारी और पर्यवेक्षक मौजूद रहे। इस आयोजन ने महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

सीसीएस बोर्ड चुनाव रद्द होने पर यूनियनों का विरोध, निष्पक्ष चुनाव की मांग

चितरंजन- चिरेका में सीसीएस बोर्ड चुनाव की तिथि 12 फरवरी तय की गई थी, लेकिन अंतिम समय में राज्य सरकार ने इसे रद्द कर दिया। इस फैसले के खिलाफ शनिवार को चिरेका लेबर यूनियन, संग्रामी श्रमिक यूनियन और रेलवे कर्मचारी संघ ने जीएम कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव जल्द से जल्द कराने की मांग की। चिरेका लेबर यूनियन ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर चुनाव को चिरेका टाउनशिप में आरपीएफ की देखरेख में निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने की अपील की। संगठन सचिव स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए शेयरधारकों को अदालत का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन पर दोहरे रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले परीक्षा के दौरान चुनाव को कोई समस्या नहीं बताया गया, लेकिन अब इसे ही स्थगन का कारण बना दिया गया। संग्रामी श्रमिक यूनियन के ओम प्रकाश ने लेबर यूनियन के समर्थन का ऐलान किया और सीसीएस के सुचारू संचालन में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। रेलवे कर्मचारी संघ के प्रदीप भट्टाचार्य ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट संघर्ष का आह्वान किया।रिटायर्ड पेंशनर्स एसोसिएशन के अचिंत्य सुपकार ने सहकारी समितियों को बचाने की जरूरत पर जोर देते हुए सभी शेयरधारकों से एकजुट होने की अपील की। बीएमएस के सुरेश कुमार ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया। चिरेका लेबर यूनियन के महासचिव राजीव गुप्ता ने भ्रष्ट ताकतों को रोकने के लिए निष्पक्ष चुनाव की मांग की और झूठे प्रचार से बचने का आग्रह किया।

गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग: मुख्यमंत्री

रांची (हि.स.)। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा, रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती है। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

जामताड़ा । शनिवार को नगर भवन, दुलाडीह सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ÷कार्रवाई में तेजी लाना÷ थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिब, वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ के द्वारा किया गया। वहीं आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को शॉल एवं पौधा प्रदान कर स्वागत किया गया। उपायुक्त कुमुद सहाय ने सर्वप्रथम सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला शक्ति है, सब कुछ है। आज महिलाएं एक साथ सामाजिक, पारिवारिक, सांस्कृतिक, धार्मिक के साथ प्रोफेशनल दायित्व का निर्वहन कर रही है। कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवी देवताओं का वास होता है। महिलाएं आधार हैं। हमारी जामताड़ा कि महिलाएं इसमें बढ़-चढ़कर आगे रहती है, आप लोगों ने अभी दो इलेक्शन में देखा होगा कि सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं ने बीएलओ के रूप में उत्कृष्ट कार्य का उदाहरण पेश किया है और हमारा जिला पूरे झारखंड में टॉप में भी रहा है। कोई भी कार्य नहीं जो महिलाएं नहीं कर सकती। पारिवारिक दायित्व को निभाते हुए अपने प्रोफेशनल दायित्व को भी निभाती है।

अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचारधारा की एक जीवंत परिभाषा :अमर बाउरी

संवाददाता दुमका। जिला भाजपा की ओर से शनिवार को केबी वाटिका में अटल विरासत स मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने की, जबकि मु य वक्ता के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा के उन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को स मानित किया गया, जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया एवं जनसंघ काल में कार्य किए हुए लोगों के परिवारजनों को स मानित किया गया।मौके पर मु य अतिथि अमर कुमार बाउरी ने प्रथम प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद को अंगवस्त्र देकर और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें स मानित करने का काम किया7 साथ ही तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीराम केसरी के पुत्र जिला महामंत्री पवन केसरी, ओम केसरी, प्रभात चंद्र लायक,जगदीश राय, रामवतार भालोटिया, पवन सिंह, गुंजन मरांडी आदि कार्यकर्ताओं को स मानित किया गया।भाजपा के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युग थे। उनका समर्पण, दूरदृष्टि और नेतृत्व भारतीय राजनीति के लिए अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने जिन सिद्धांतों और आदर्शों पर काम किया, वही भाजपा की रीढ़ हैं। आज हमें संकल्प लेना होगा कि हम अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए संगठन को और मजबूत बनाएंगे।जिला मिडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया कि इस स मेलन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश मुर्मू, परितोष सोरेन, निवास मंडल, जिला उपाध्यक्ष मार्शल ऋषिराज टुडू, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, पिंटू साह, बबलू मंडल, दिनेश सिंह, सहदेव मरांडी, गणपति पाल, बिनोद यादव, मणिलाल गृही, राजू दर्वे, सुरेश मंडल, नवल किशोर मांझी, दुर्योधन राय, अनूप कुमार, नरेश चंद्र मंडल, अजय सिंह, ममता साह, रूपेश मंडल, श्रीधर दास, भृगुनाथ यादव, मृणाल मिश्रा, अजय गुप्ता, पंकज वर्मा, बिमान सिंह, दीप्तांशु कोचगवे, मनीष कुमार, अमन राज, कुश पाल, गोविंद दान, निमित किस्कू, अरविंद दुबे, नीतू झा, टिंकू गण, चाइना मंडल, दीपाली मंडल, संतोष सोरेन, वीरेंद्र मरांडी, दिनेश मरांडी, रानी सिंह, सुनील हेंब्रम ऊ अनेकों कार्यकर्ता शामिल हुए।

अवैध कोयला खादानों की सुरंगों को प्रशासन की टीम ने की डोजरिंग

दुमका, (हि.स.)। जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को अवैध कोयला खदानों पर बुलडोजर चलाया। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बादलपाड़ा में चल रहे अवैध कोयला खदानो के सुरंगों को जेसीबी मशीन की सहायता से डोजरिंग कर मिट्टी भर कर बंद किया गया। करीब एक दर्जन अवैध कोयला के खदान को डोजरिंग कर बंद किया गया।यह खदान कुछ वन क्षेत्र और कुछ रैयती क्षेत्र में है। इस कार्रवाई से कोयला माफियाओं में हड़कंप है। लगातार प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाती है और डोजरिंग कर अवैध कोयला खदानों को बंद भी किया जाता है। चालू बंद करीब एक दर्जन खदानों को डोजरिंग कर बंद किया गया है। कार्रवाई में दो जेसीबी मशीन की सहायता से डोजरिंग की गयी।

सीआईटी में महिला दिवस समारोह का आयोजन

रांची। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को सीआईटी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, महिला अधिकार व सम्मान को लेकर विस्तृत चर्चा की. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने कहा कि संसार की सभी विद्याएं देवी की अभिव्यक्ति है, और जगत की समस्त नारी शक्ति में भी उनका ही स्वरुप है,अतः नारी का सम्मान सर्वोपरि है. कार्यक्रम को कैंब्रिज ट्रस्ट की जॉइंट सेक्रेटरी डॉ पल्लवी सिंह, उप प्राचार्य प्रो. रसिका नवनीत सिंह, डॉ शालिनी सिंह, प्रो स्वेता सोनाली धॉल, प्रो रिया सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया. इसके अलावे कार्यक्रम में महिलाओं ने नागपुरी नृत्य, कविता, अंतराकक्षरी आदि का भी लुत्फ़ उठाया. कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना व उन्नत भारत अभियान सेल के बैनर तले किया गया.

101 छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

पाकुड़। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती के द्वारा प्रोजेक्ट प्रारंभ अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के 101 छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसे हरी झंडी दिखाकर परिषद भवन से रवाना किया गया। इस दौरान छात्राओं को परिसदन, पाकुड़ रेलवे स्टेशन, सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस, मॉडल थाना एवं महिला थाना, सीएम स्कूल एक्सीलेंस पाकुड़, रविन्द्र भवन, अग्निशामन कार्यालय, समाहरणालय, सिदो-कान्हू पार्क का भ्रमण कराया गया। एसपी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम और शैक्षणिक भ्रमण अति आवश्यक है।उप विकास आयुक्त ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास जगाना, ज्ञान बढ़ना, मनोबल बढ़ाना है एवं विभिन्न नई जानकारी से अवगत कराना है।

अटल विरासत सम्मेलन आयोजित, शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

मिहिजाम। मिहिजाम स्थित वॉइस फाउंडेशन हॉल में भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण की अध्यक्षता में अटल विरासत सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों की योजना तैयार करने के लिए आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राजमहल के पूर्व विधायक एवं भाजपा झारखंड प्रदेश के पूर्व महामंत्री अनंत ओझा मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल भाजपा के नहीं, बल्कि सभी दलों के सम्मानित नेता थे। उनके नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी, जिसने झारखंड, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन में भाजयुमो प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे, जिला महामंत्री मितेश शाह, कार्यक्रम संयोजक अभय सिंह, सह संयोजक सुजाता सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष कमल गुप्ता, सुकुमणि हेम्ब्रम, नगर अध्यक्ष लोकेश महतो, सह मीडिया प्रभारी प्रदीप राउत, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सोरेन, दुर्गा शर्मा, अनीता शर्मा, शुभम साव और राम सिंह यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीनियर नेशनल कैरम के लिए झारखंड की टीम घोषित

गोड्डा । दिल्ली के ताल कटोरा इंडोर स्टेडियम में 17 से 21 मार्च तक आयोजित होने वाली ÷52वीं सीनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप÷ के लिए झारखंड की पुरुष एवं महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए इंटरनेशनल कैरम अंपायर सह कैरम एसोसिएशन ऑफ गोड्डा के सचिव सुरजीत झा ने बताया कि स्टेट कैरम एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव मुकुल कुमार झा द्वारा घोषित टीम के पुरुष वर्ग में जहां धनबाद के अचिंतो कुमार मित्रा एवं रांची के सोनू कुमार पांडेय के अलावा दुमका के मो. राशिद इकबाल, मनीष गुप्ता, अभिषेक झा, एवं अजीत कुमार को शामिल किया गया है वहीं महिला टीम में गोड्डा की काव्य श्री एवं चंद्रकला कुमारी, दुमका की शिप्रा कुमारी एवं अमृता भारती, जामताड़ा की मौसम कुमारी व रांची की कुमारी हर्षिता के नाम शामिल हैं। श्री झा ने बताया की कैरम एसोसिएशन दुमका के सचिव चंदन झा एवं अनुभव दीप को क्रमशः पुरुष एवं महिला टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है। टीम 15 मार्च को गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी। घोषित टीम को कैरम एसोसिएशन ऑफ झारखंड की अध्यक्षा डॉ0 प्रभारानी प्रसाद सहित सभी पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

फ्लोरेंस नर्सिंग की छात्रा प्रेरणा श्रीवास्तव को मास्टर इन नर्सिंग में स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित

राँची। राँची विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की छात्रा प्रेरणा श्रीवास्तव ने परचम लहराकर संस्थान का नाम रौशन किया। जिसमे झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल श्री संतोष गंगवार ने अपने हाथों से स्वर्ण पदक व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किये । मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ0 अजित कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। प्रेरणा श्रीवास्तव को यह सम्मान बेस्ट मास्टर इन नर्सिंग (मेंटल हेल्थ नर्सिंग) के लिए दिया गया। बताते चले कि प्रेरणा श्रीवास्तव 2021-2023 सत्र के एम0एस0सी0 नर्सिंग की छात्रा रहे और फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग से शिक्षा प्राप्त कर यह उपाधि पाई ढ्ढ इस अवसर पर संस्था के सचिव श्रीमती जीनत कौशर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ढ्ढ वहीँ संस्थान के निदेशक डॉ0 शाहीन कौशर, डॉ0 नाजनीन कौशर, प्राचार्या विनिशा टी0 बन्श्रीयार, शिक्षक गण सहित छात्र-छात्राओं ने रजनी इस सफलता के लिए बधाई दी ।

तेज र तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से ऑटो सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल

मसलिया(दुमका)मसलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर-साहेबगंज हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां एक तेज़ र तार ट्रैक्टर ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो सवार 8 लोग घायल हो गए।
मिली जानकारी के अनुसार, मसलिया थाना क्षेत्र के गुहियाजोरी गांव के कुछ लोग तिलक चढ़ी के लिए ऑटो से जामताड़ा जिले के दलबड़िया गांव गए थे। लौटने के दौरान देर शाम जब उनका ऑटो बड़ा चापुड़िया स्थित नेचर व्यू रेस्टोरेंट के समीप पहुंचा, तभी एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मसलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दुमका भेज दिया।

महिला दिवस पर आदर्श दंपतियों एवं महिला स्वास्थ्य प्रदाताओं को किया गया सम्मानित

गोड्डा । जिला स्वास्थ्य समिति, गोड्डा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर नियोजित परिवार सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। नियोजित परिवार सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर निर्मला बेसरा, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल गोड्डा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पुरुष नसबंदी करने वाले दंपति प्रीतम साह, पत्नी गुड़िया देवी, दो बच्चों में तीन साल का अंतर रखने वाली रचना प्रिया, पति देवेंद्र कुमार पंडित, लगातार तीन सालों से अंतरा इंजेक्शन की लाभुक रुखसाना खातून, पति मोहम्मद समीर अंसारी समेत दस आदर्श दंपतियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में कार्य करने वाली सेविका सिंधु देवी और एएनएम अराधना कुमारी, जयमाला कुमारी, नीतू प्रियदर्शनी आदि स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसीएमओ डॉ0 निर्मला बेसरा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत 20वीं सदी की शुरुआत में हुई थी, जब महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने समान अवसरों की वकालत की थी। जिसमें वोट देने, काम करने और सार्वजनिक पद संभालने का अधिकार शामिल था।

नागरिक मंच ने किया नारी शक्ति को सलाम

गोड्डा । महिला दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को नागरिक मंच द्वारा नारी शक्ति के सम्मान में एक विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय अग्रसेन भवन के सभागार में किया गया। सभा की अध्यक्षता डॉ0 नूतन झा, सुशीला हांसदा एवं जानकी देवी ने संयुक्त रूप से किया। सभा में मुख्यालय के सभी वार्ड के अलावा पथरगामा, महगामा, मेहरमा एवं बोआरीजोर से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. नूतन झा ने जहां महिलाओं के समक्ष उत्पन्न विभिन्न समस्याओं को रखते हुए उनके समुचित सम्मान और समानता की वकालत की वहीं बतौर मुख्य वक्ता कर्मचारी संगठन के राष्ट्रीय नेता मंजूल कुमार दास ने एक मौजूं कविता के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास, जर्मनी के क्लारा जेटकिन, 1917 की रूसी समाजवादी क्रांति और महिलाओं को विश्व में सबसे पहले रूसी क्रांति के बाद महिलाओं को मताधिकार की चर्चा की। भारत में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार , घरेलू हिंसा एवं यौन उत्पीडन के खिलाफ महिला एवं पुरुषों को मिलकर लड़ने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही मईयां सम्मान योजना की तारीफ की। सभा को सम्बोधित करने वाले अन्य वक्ताओं में कामरेड दशरथ मंडल, उमेश मिश्रा, परमानंद झा, रघुवीर मंडल, रतन कुमार दत्ता, सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷, अमरनाथ पाठक, किरण देवी, पंकज झा, शंकर वर्मा, जफर इकबाल आदि ने दुनिया और अपने देश भारत में बढ़ रही आर्थिक विषमता, भेद भाव तथा धर्म एवं जाति के आधार पर समाज को बांटने की साजिश के विरोध में संघर्ष करने की जरूरत बताई। आर्थिक योगदान के लिए विजय कुमार चौबे के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही महिला दिवस जिंदाबाद, महिलाओं पर जुल्म बंद करो, असमानता खत्म करो आदि नारों के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

महिला दिवस आयोजित किया गया कार्यक्रम

नारायणपुर (जामताड़ा)अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आदिवासी महिला कल्याण फाउंडेशन ने जंगलपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमिता हेन्द्रम ने की। मोहिनी मरांडी, गुड़िया मरांडी, बीरू मुर्मू और भोला हांसदा ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, घरेलू हिंसा से बचाव, शिक्षा के अधिकार और सरकारी योजनाओं की जानकारी पर जोर दिया। कहा गया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। शिक्षा और आर्थिक स्वावलंबन से ही समाज में समानता आएगी। कहा समाज को महिलाओं को समान अवसर देने चाहिए, ताकि वे हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और जागरूकता फैलाने की शपथ ली। अंत में, फाउंडेशन की टीम ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और महिलाओं को संग

ब्लूमिंग एरा प्रीस्कूल्स में भव्य समारोह, प्रतिभा और शिक्षा का उत्सव

चितरंजन। ब्लूमिंग एरा प्रीस्कूल्स में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ÷स्पार्क ऑफ जीनियस,÷ महिला दिवस और ग्रेजुएशन डे एक साथ धूमधाम से मनाए गए। यह आयोजन नन्हे बच्चों की रचनात्मकता, महिलाओं के सम्मान और शिक्षा की उपलब्धियों का प्रतीक बना।कार्यक्रम की शुरुआत ÷स्पार्क ऑफ जीनियस÷ प्रतियोगिता से हुई, जहां बच्चों ने स्टीम गतिविधियों, कला, संगीत, कहान

गंगा प्रसाद पश्चिम ग्राम को महिला हितैषी ग्राम पंचायत बनाने के लिए सभा का आयोजन

साहिबगंज । साहिबगंज सदर प्रखंड के गंगा प्रसाद पश्चिम ग्राम पंचायत को महिला हितैषी मॉडल ग्राम पंचायत बनाने के लिए शनिवार को महिला सभा का आयोजन किया गया.आयोजित सभा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए चर्चा की गई कि ग्राम पंचायत को कैसे महिला हितैषी बनाया जा सकता है तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति में विभिन्न विभागों की भूमिका क्या होगी.साथ ही महिलाओं से जुड़े विभिन्न गतिविधियों को ग्राम पंचायत विकास योजना में एकीकृत करने पर विचार-विमर्श किया गया.जिला परियोजना प्रबंधक ने विस्तारपूर्वक समझाया कि एक सशक्त, सुरक्षित और शिक्षित महिला कौन होती है. उन्होंने बताया कि सशक्त महिला वह होती है जो आत्मनिर्भर होती है. अपनी आर्थिक और सामाजिक स्थिति को खुद मजबूत कर सकती है. और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती है. सुरक्षित महिला वह होती है जिसे समाज में बराबरी का स्थान मिले. हिंसा और भेदभाव से मुक्त वातावरण प्राप्त हो.और जो स्वतंत्र रूप से अपने जीवन के निर्णय ले सके. शिक्षित महिला समाज की रीढ़ होती है. जो न केवल स्वयं प्रगति करती है. बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी आगे बढ़ाने में सहायक होती है.बैठक का संचालन पंचायती राज एसोसिएट, रुपेश कुमार ने किया. जिसमें महिला सशक्तिकरण, पंचायत स्तर पर उनकी भागीदारी और समावेशी विकास की दिशा में आवश्यक कदमों पर विस्तृत चर्चा की गई. मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य, जेएसएलपीएस के बीपीएम, स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ, डाटा ऑपरेटर सहित कई अन्य गणमान्य

गायत्री परिवार की महिला मंडल ने की महिला सशक्तिकरण पर भव्य कार्यक्रम

साहिबगंज । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा साहिबगंज की महिला मंडल के द्वारा महिला सशक्तिकरण पर साहिबगंज नगर के आजाद नगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन रानी श्रीवास्तव एवं उषा साह ने दीप प्रज्ज्वलित कर की.कार्यक्रम में परम वंदनीय माता भगवती शर्मा द्वारा चलाई गई नारी जागरण, नारी सशक्तिकरण के विषय पर विस्तृत परिचर्चा की गई.कार्यक्रम के अंत में गीत, संगीत ,नृत्य का भी आयोजन किया गया.कार्यक्रम को सफल बनाने में बरहेट की सीमा देवी, मिर्जाचौकी की सुप्रिया वर्णवाल अपने टोली के साथ एवं साहिबगंज से रीता गुप्ता की पूरी महिला टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई.

रक्षा और तकनीकी में भी महिलाएं दे रही है अपना योगदानः डॉ. रणजीत

साहिबगंज । 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विमर्श गोष्ठी का आयोजन राजमहल मॉडल कॉलेज मे कॉलेज के प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता मे हुई. विमर्श गोष्ठी का सूत्र संचालन डॉ रमज़ान अली ने किया. हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार ने पश्चात सभ्यता और भारतीय सभ्यता से जोड़कर महिलाओं के स्थान पर अपने विचार प्रस्तुत किए. इस दौरान डॉ.अमित ने वर्तमान जीवन में महिलाओं की स्थिति का भी ज़िक्र किया और महिलाओं के वर्तमान जीवन की समस्याओं से छात्र/छात्राओं को अवगत कराया.उन्होने कहा कि उत्तर आधुनिक परिदृश्य में व्यक्ति और उसके संबंध भी एक उपभोग्य वस्तु से बढ़कर कुछ और नहीं रह गये हैं.बाबा कहते हैं.आदमी प्यार करने के लिए होता है और चींजें इस्तेमाल.मुसीबत तो तब आती है जब हम चींजों से प्यार करने लगते हैं और आदमी को इस्तेमाल. विचार गोष्ठी में डॉ कुमार अपने सारगर्भित विचारों में महिलाओं को आगे बढ़ने और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की प्रेरणा दी. इसके बाद रसायनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अरविंद कुमार पाण्डेय ने महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और उसके प्रतिनिधित्व पर जोर दिया. इसी क्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह ने अपनी अध्यक्षीय संबोधन में महिलाओं के प्रति अपने ओजस्वी विचार व्यक्त किए. अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि समाज में महिलाएं अब पुरुषों से पिछे नहीं रह गई है. अब वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज में अपना योगदान दे रही है चाहे वह गृहस्थी का क्षेत्र हो या देश की रक्षा का क्षेत्र हो. वर्तमान जीवन में समाज और देश के लिए महिलाओं का योगदान सराहनीय है. डॉ सिंह ने महिलाओं को उनकी शक्ति से अवगत कराया और मेहरुन्निसा परवेज की इस पंक्ति अपनी हर लड़ाई मैंने लिखकर जीती है. मेरे कागज़ मेरे मोर्चे होते हैं और शब्द सैनिक से अपने विचार को साझा किया. कार्यक्रम का समापन तथा धन्यवाद ज्ञापन सूत्र संचालक डॉ.रमज़ान अली ने किया. विचार गोष्ठी में अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विवेक महतो सभी कर्मचारीगण तथा सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

रेलवे के एडीआरएम व टीम ने एआरटी सहित स्टेशन, रनिंग रुम का लिया जायजा लिया

साहिबगंज। मालदा रेल मंडल के एडीआरएम शिव कुमार के नेतृत्व में शनिवार को मालदा डिविजन की पूरी सेफ्टी टीम विशेष सैलून से साहिबगंज पहुंचकर रेलवे स्टेशन परिसर, एआरटी, एआरएमई, क्रेन, संयुक्त क्रू बुकिंग लॉबी, स्टेशन परिस, रेलवे वेटिंग रूम, अमृत भारत योजना से निर्मित स्टेशन, डॉक्टर बोगी, रनिंग रुम सहित सेफ्टी का टीम ने घंटों बारीकी से जायजा लिया.एडीआरएम शिव कुमार ने बताया कि तीन तीन माह में यह निरीक्षण किया जाता है.निरीक्षण मे जितने भी सेफ्टी मेजरमेंट व एआरटी का जायजा लिया. जिसमें देखा गया कि दुर्घटना के समय जो भी एक्यूमेंट कार्य में आते है सभी बेहतर तरीके से कार्य कर रहे है या नहीं. क्या क्या कमी है.साथ ही सभी मशीनों को बारीकी से टीम ने जायजा लिया. वही लाइट बैलून, वाकी टॉकी सहित अन्य की कमी पाई गई. जो भी कमी दिखी सबको जल्द पूर्ण किया जाएगा. ताकि समय पर सभी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रह सके. वही रनिंग रुम में क्रू रनिंग कर्मियों का आराम बेहतर से हो स्वास्थ्य बेहतर रहे, इसका जायजा लिया. जिसमें रनिंग क्रू कर्मियों को बेहतर भोजन, गर्मी में ऐसी रूम में बेहतर सोने की व्यवस्था, पढ़ने, जिम सहित बेहतर फैसिलिटी मिल रही है या नहीं इसको देखा. वही कर्मियों का स्वास्थ्य बेहतर रहे इसको देखते हुए रेलवे कार्य कर रही है. रनिंग रुम का सेवा बेहतर है. वही निरीक्षण के दौरान सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया .मौके पर सीनियर डीएमई रतनेश कुमार, सीनियर डीईई जनरल, सीनियर डीईईओपी भीम राज खन्ना, स्टेशन अधीक्षक हंसराज सहित अन्य उपस्थित थे.

गुमानी श्रीकुंड में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर, दर्जनों दुकान को कराया गया खाली

बरहरवा सं। अंचल क्षेत्र के गुमानी श्रीकुंड ब्रिज मोड़ के समीप शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया. जिसका नेतृत्व बरहरवा अंचलाधिकारी रामजी वर्मा ने किया. मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2009-10 में सड़क चौड़ीकरण हेतु भू अर्जन विभाग द्वारा उक्त जमीनों का अर्जन किया गया था. लेकिन जमीन का क्रय मूल्य कम होने के कारण कुछ रैयतों ने मुआवजा लेने से इनकार कर दिया था. वहीं कुछ रैयतों ने भवन एवं जमीन का मुआवजा लिया था. जिसके लेकर पिछले कुछ वर्षों से विभाग द्वारा लगातार नोटिस जारी कर जमीन खाली करने का दबाव बनाया जा रहा था. उक्त अतिक्रमण के कारण यातायात काफ़ी बाधित होता था. जिससे आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और हर समय जाम की स्थिति बनी रहती थी. खासकर स्कूली बच्चों को ज्यादा परेशानियों उठाना पड़ता था. मामले मे अंचलाधिकारी बरहरवा द्वारा विगत दिनों अंतिम नोटिस जारी किया था. जिसमें रैयतों को जमीन खाली करने का मौका भी दिया गया. अंततः शनिवार को प्रशासन द्वारा बुलडोजर कारवाई की गई. जिसमें लगभग दर्जनों दुकानों जमींदोज कर दिया गया. वहीं रैयतों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें भी किसी भी प्रकार का नोटिस नहीं दिया गया था. ना ही उक्त अतिक्रमित जमीन का नापी हुआ है. रैयतों ने किसी प्रकार का मुआवजा भी नहीं लिया है. बावजूद इसके बलपूर्वक बुलडोजर चलाकर जमीन खाली करवा दिया गया.

साहिबगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

साहिबगंज -पेजयल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज के तत्वावधान में जिले के सभी 09 प्रखंडों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.इस अवसर पर जल, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, किशोरी माहवारी स्वच्छता, सोख्ता गड्ढा और वर्षा जल संचयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया गया.विशेष दिवस पर पंचायत स्तर पर महिला सभाओं का आयोजन किया गया. जहां महिलाओं को जल और स्वच्छता से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई. महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए रैली निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और किशोरियों ने भाग लिया.प्रखंड स्तर पर जलसहिया सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया. जिसमें जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जलसहिया दीदियों को सम्मानित किया गया. जिला जल एवं स्वच्छता समिति, साहिबगंज की ओर से इन जलसहिया दीदियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया.कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, जिला समन्वयक, प्रखंड समन्वयक,

30 दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

साहिबगंज -बोरियो प्रखंड के करमपहाड़ में शनिवार को डीसी हेमंत सती ने अनाबद्ध निधि योजना अंतर्गत 30 दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया.मौके पर उन्होंने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के बीच टूल किट का वितरित किए.जिससे उन्हें कार्य सीखने और आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी.प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.मौके पर अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि 30 दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं और परिवारों को नए कौशल सीखने और रोजगार प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा. डीसी के द्वारा टूल किट वितरण और आंगनबाड़ी केंद्र निरीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन क्षेत्र के विकास और लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है.कार्यक्रम में डीडीसी सतीश चंद्रा, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक देवव्रत कुमार, मनीष कुमार मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे.

तालाकवाद मामले का हुआ निपटारा

साहिबगंज- कुटुंम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय पोक्सो कोर्ट विशेष न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं सचिव विश्वनाथ भगत के समक्ष शनिवार को प्रिंस कुमार एवं सुरभि ने अपने तलाक वाद के मुकदमा को नेशनल लोक अदालत में वापस लेते हुए साथ-साथ दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत करने का संकल्प ली और एक दूसरे को फूल माला पहनाए.

ई रिक्शा पलटने से महिला हुई घायल

साहिबगंज-साहिबगंज एनएच 80 के मदनशाही में सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई .घायल महिला को इलाज के लिए परिजनो ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया.जहां चिकित्सक डा रितु राज ने महिला का इलाज प्रारंभ कर दिया. घायल महिला महाराजपुर निवासी भारत मंडल के 50 वर्षीय पत्नी मनोरमा देवी है.मनोरमा देवी अपने घर महाराजपुर से मदनशाही किसी काम को लेकर ई रिक्शा से आ रही थी. उसी दौरान सकरीगली बांसकोला के समीप ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया. जिसमें मनोरमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई. महिला के सर फट गया एवं पैर मे चोट लगी है. बरहाल घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है.

साहिबगंज मे चोरों का बढ़ा मनोबल होटल में चोरी की घटना को दिया अंजाम

साहिबगंज । साहिबगंज जिले में इन दिनों चोरों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं. बिति रात जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनशाही रोड स्थित अनलिमिटेड भोजनालय होटल मे अज्ञात चोरों ने चोरी कर घटना को अंजाम दिया.जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र कॉलेज रोड निवासी अमित कुमार साह प्रतिदिन की तरह अपना भोजनालय के दुकान बंद करता था. शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने भोजनालय दुकान के शटर का ताला काटकर अंदर प्रवेश कर नगद राशि सहित कई सामानो की चोरी कर ली. होटल मालिक ने बताया कि होटल में रखे गैस सिलेंडर, मिक्सर,गैलेंडर, पानी का मोटर समरसेबल मोटर, बर्तन, इनवर्टर बैट्री, गल्ला में रखें बारह सौ रुपये कैस, चोरों ने चोरी कर लिया. मामले की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी पुलिस

अज्ञात मृत महिला के शव का परिजनो ने की शिनाख्त

साहिबगंज-जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर के आगे भजुआ टोली में बीते दिनों मिले एक अज्ञात महिला का शव का शिनाख्त उनके परिवार ने रासो देवी के रुप मे की.परिजनो के अनुसार अज्ञात महिला बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती बकिया दियारा निवासी 40 वर्षीय रासो देवी थी.मृतिका रासो देवी वर्तमान समय में साहिबगंज के झरना कॉलोनी पोखर के समीप टूटे-फूटे मकान में रहती थी. वह कबाड़ा चुनने का काम करती थी.उसके चार छोटे छोटे बच्चे हैं.उसके पति प्रमोद की मौत के बाद वह लगभग 15 साल से साहिबगंज मे कुड़ा चुनने का काम करती थी.

भाजपा महिला मोर्चा की बैठक मे एक कदम जीवन के बाद भी पर हुई चर्चा

साहिबगंज । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की छोटी टोली की बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष गरिमा शाह की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की गई .संगठन महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा महिला सदस्य को पार्टी से जोड़ने के लिए संपर्क अभियान चलाने पर चर्चा हुई ,साथ ही महिला दिवस को देखते हुए प्रदेश द्वारा निर्देशित एक कदम जीवन के बाद भी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम जो आगामी 10 मार्च को होना है पर विशेष चर्चा की गई .10 माच को एक कदम जीवन के बाद भी कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मोर्चा के द्वारा कैंप लगा कर अंगदान महादान का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा और इसके लिए एक गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से रूपम कुमारी ,महेश्वरी देवी ,चंदा देवी ,काजल किरण गुप्ता, पूजा राय, नीलू कुमारी,प्रिय सिन्हा सहित कई महिलाएं मौजूद थी.

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 6415 मामलों का निपटारा

साहिबगंज -नालसा के आदेशानुसार झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार,साहिबगंज के द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. झारखंड के सभी जिलों में इस लोक अदालत का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड हाईकोर्ट के माननीय न्यायमूर्ति श्री सुजीत नारायण प्रसाद जज झारखंड हाई कोर्ट सह कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने किया. इस उद्घाटन का सीधा प्रसारण साहिबगंज व्यवहार न्यायालय स्थित लोक अदालत कक्ष में उपस्थित लोगों ने देखा.उद्घाटन के उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार ने गठित बेंचों का भ्रमण किया और कहा कि लोक अदालत लंबित मामलों के निपटारे का कानूनी विकल्प है. उन्होंने इसे एक दिवसीय अदालत बताते हुए कहा कि इसमें वादों का त्वरित निपटारा किया जाता है. जिससे आम जनता को काफी राहत मिलती है.उन्होंने वादकारी पक्षों को लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवाने के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेने की अपील की. साथ ही सभी विभागों के पदाधिकारियों से अधिकतम मामलों के निष्पादन में सहयोग करने का अनुरोध किया.आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में साहिबगंज न्यायमंडल और राजमहल अनुमंडलीय न्याय मंडल में कुल 6415 मामलों का निपटारा किया गया. जिससे कुल 7,85,29,652 रूपया की समझौता राशि प्राप्त हुई. यह लोक अदालत न्यायिक प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई.लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय धीरज कुमार, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय शेखर कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी राजेश श्रीवास्तव, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, लोक अभियोजक व उनके अधीनस्थ अधिवक्तागण, प्रशासनिक पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक कर्मी, पारा विधिक स्वयंसेवक एवं अन्य विभागों के कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित थे.

महिला कॉलेज में मनाया गया महिला दिवस

साहिबगंज-अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर साहिबगंज धगर के दहला दुर्गा स्थान रोड स्थित महिला महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य डॉ ध्रुव ज्योति सिंह की अध्यक्षता में महिला दिवस मनाया गया. कार्यक्रम मे महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें प्रथम स्थान बीए अंग्रेजी सेमेस्टर एक की छात्रा अनीशा कुमारी, द्वितीय स्थान बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा निक्की कुमारी, तृतीय स्थान बीए इतिहास सेमेस्टर दो की छात्रा सुप्रिया कुमारी ने प्राप्त की. सभी विजेता छात्रा को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. मौके पर सहायक प्राध्यापक प्रीति प्रिया मरांडी, डॉ पूर्णिमा लकड़ा, संध्या शशि खाखा, डॉ सविता, कोमल कुमारी, प्रिया हांसदा सहित दर्जनों छात्राएं उपस्थित थी.

महिलाओं के बीच कार्यक्रम का आयोजन

साहिबगंज। महादेगंज स्थित मेधा डेयरी प्लांट में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम कि आयोजन किया गया. हब इंचार्ज राजीव रंजन ने कहा कि महिलाए सरकार की योजना का लाभ लेकर दुग्ध उत्पादन से जुड़कर आत्म निर्भर बन रही है. मेधा डेयरी आपके घर से दूध का कलेक्शन करेगी, महिलाए अपना आय बढ़ाएं .मेधा डेयरी से जुड़े किसानों के फायदेके बारे मे जानकारी दी. मातृत्व पोषण योजना के तहत महिलाओं को छह किलो शुद्ध व घी दिया जाता है. महिलाओं को डेयरी प्लांट का भ्रमण कराया गया. साथ ही प्लांट में बनने वाले दूध, दही, घी, गुलाब जामुन, पेड़ा, लस्सी, पनीर सहित अन्य का मशीन दिखाया गया. उसके कार्यों को बताया गया. वही विभिन्न कार्यक्रमों में विजेता महिलाओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया. मौके पर अंशु कुमार, उमाकांत निराला, पूनम, प्रमिला देवी, सोनी देवी, रीना देवी, सिंधु देवी सहित महिलाएं उपस्थित थी.

प्रशासनिक पदाधिकारियों ने की नगर के होटलों की जांच

साहिबगंज। होली को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार के नेतृत्व मे साहिबगंज नगर के विभिन्न होटलों में जांच किया गया.जांच अभियान में ग्राहकों की सुरक्षा, कैमरे की स्थिति और खाने का क्वालिटी की गई की जांच की गई. इस दौरान कई होटलों का संचालन बिना लाइसेंस का मामला सामने आया हैं.इस संबंध मे सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार ने बताया कि होटलो की जांच के दौरान पार्किंग नही रहने, फायर इंस्ट्रूमेंट नही रहने सहित कई होटलों का संचालन बिना लाइसेंस का किये जाने का मामला सामने आया हैं.जांच के बाद सभी होटलो संचालको को नोटिस कर अपने-अपने होटल को अप टू डेट करने की बात कही जाएंगी.मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार,नगर परिषद के प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह,नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे.

डीसी ने किया बेतोना पहाड़ का निरीक्षण, ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रूबरू

साहिबगंज । मंडरो प्रखंड के बेतोना पहाड़ का शनिवार को डीसी हेमंत सती ने निरीक्षण किया और स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना. इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जा सके.निरीक्षण के दौरान उन्होंने संपूर्ण बेतोना पहाड़ का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से मुलाकात की. ग्रामीणों ने उन्हें क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों की कमी, पेयजल की दिक्कत, सड़कों की जर्जर स्थिति, आवास निर्माण में आ रही समस्याएं, पशुपालन और रोजगार के अवसरों की कमी जैसी कई समस्याओं से अवगत कराया.ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए डीसी ने संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने बताया कि बेतोना पहाड़ में आंगनबाड़ी केंद्र ना होने के कारण वहां के बच्चों को आसपास के गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ा जाएगा. पेयजल समस्या को दूर करने के लिए पीएचईडी विभाग को गांव में डीप बोरिंग और अन्य जल स्रोतों के जरिए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किया जाएंगा.उन्होने पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को दो गाय योजना और बकरा पालन योजना का लाभ देने का निर्देश दिया. इसके अलावे गांव के 18 से 35 वर्ष के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़कर रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की बात कही. स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा.पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से डीसी ने पूरे गांव को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत शामिल करने की बात कही.इसके तहत ग्रामीणों को वृक्षारोपण के लिए सहायता दी जाएगी. जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और जलवायु संतुलन बना रहेगा.निरीक्षण के अंत में डीसी हेमंत सती ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा.उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन जल्द से जल्द किया जाए. ताकि ग्रामीणों को समय पर लाभ मिल सके.निरीक्षण के दौरान संबंधित, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे.

महिला दिवस पर विधिक जागरूकता अभियान का आयोजन

साहिबगंज -झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में महिलाओं के अधिकार, कर्तव्यों और सरकारी लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई.मौके पर पारा विधिक स्वयंसेवकों व न्याय मित्रों ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया.जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने कहा कि आज पूरा देश और दुनिया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रही है. हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाला यह विशेष दिवस महिलाओं के योगदान, त्याग और साहस को समर्पित है. इसे महिलाओं के सम्मान, समाज, राजनीति और आर्थिक क्षेत्र में उनकी प्रगति के उत्सव के रूप में भी देखा जाता है.उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं. कला, खेल, राजनीति, न्याय, व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे हर क्षेत्र में वे अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं. ऐसे में उनके योगदान और हौसले को सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है.श्री भगत ने बताया कि यदि किसी महिला को विधिक जानकारी या किसी प्रकार की समस्या हो तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं. इसके अलावा नालसा हेल्पलाइन 15100 पर भी सहायता प्राप्त की जा सकती है.

सीएस ने किया सदर अस्पताल व मॉड्यूलर ओटी का निरीक्षण

साहिबगंज -सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने शनिवार को दोपहर 3ः00 बजे साहिबगंज सदर अस्पताल व मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने इमरजेंसी परिचारिका का प्रसूता वार्ड को देखें इसके बाद किया उसने मॉड्यूलर ओटी मे पहुंच कर मॉड्यूलरओटी का निरीक्षण किये. निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन ने बताया कि मॉड्यूलर ओटी को चालू करने के लिए कल्चर रिपोर्ट होना जरूरी है. कल्चर रिपोर्ट 10 दिनो के अंदर आ जाएगा. उसके बाद मॉड्यूलरऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया जाएगा.मौके पर डा मुकेश कुमार, आदित्य कुमार, जयराम यादव मौजूद थे.

महिला दिवस पर किट्टी सिंहा ने सफाई कर्मचारियों के बीच किया वस्त्र का वितरण

साहिबगंज- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को समाजसेविका किट्टी सिन्हा ने साहिबगंज सदर अस्पताल में कार्यरत महिला सफाई कर्मचारियों के बीच वस्त्र कि वितरण की. मौके पर उन्होंने कही कि आज की महिला किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से काम नहीं है.हर क्षेत्र मे महिला आपना लोहा मनवा रही है.आज कि दिन महिलाओं की समानता, सशक्तिकरण और अमूल्य योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है.स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अतुलनीय है.नर्सिंग से लेकर सफाई तक के कार्य मे महिलाएं अपनी मेहनत और समर्पण से स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत कर रही है. उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वह अपने अधिकारों को पहचाने और आपने अधिकार के प्रति सदैव जागरूक रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ते रहे.

अमेरिकी आर्थिक संकट का भारतीय एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

अमेरिकी अर्थव्यवस्था उपभोक्ताओं और सेन्य कारोबार पर निर्भर रही है। हाल के वर्षों में यह संतुलन बिगड़ता हुआ दिख रहा है। बढ़ती महंगाई, रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा क्रेडिट कार्ड कर्ज, उच्च ब्याज दरें, अमेरिकी उपभोक्ताओं के क्रय शक्ति को प्रभावित कर रही हैं। इसका सीधा असर खुदरा बिक्री और प्रमुख कंपनियों के राजस्व पर पड़ रहा है। जिससे अमेरिका में आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका की आर्थिक स्थिति बिगड़ने का प्रभाव केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। भारत, चीन और यूरोप जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भी इससे अछूती नहीं रहेंगी। वैश्विक वित्तीय बाजारों में तेजी के साथ वित्तीय अनिश्चितता बढ़ेगी। निवेशकों का रुझान डॉलर की ओर जाएगा। इससे भारतीय रुपये की कमजोरी और भी बढ़ना तय है। इस कारण भारत में महंगाई अधिक बढ़ने की संभावनाएं हैं। भारत में कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य आयातित वस्तुओं की कीमतें 10 से 15 फ़ीसदी तक बढ़ सकती हैं। जिससे आम नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतें महंगी हो जाएंगी। अमेरिकी मंदी का असर भारतीय निर्यात कारोबार पर भी पड़ना तय है। भारत के आईटी सैक्टर, दवा उद्योग, कपड़ा और आभूषण क्षेत्र अमेरिकी बाजारों पर निर्भर है। यदि वहां मांग कम होती है, तो इन क्षेत्रों में उत्पादन और रोजगार पर संकट भारत में भी गहरा सकता है। इसी तरह, विदेशी निवेश में भी कमी आना तय है। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक लगातार अपना निवेश निकाल रहे हैं। जिसके कारण भारत में शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। यह स्थिति टैरिफ वार के पहले की है। जब टेरिफ वार शुरू होगा, तो उसके बाद क्या स्थिति होगी। इसका आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। भारतीय स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों को आने वाले समय में फंडिंग मिलना मुश्किल हो सकता है। अमेरिका का यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी बन सकता है। भारत सरकार घरेलू उद्योग और बाजार को मजबूत करने के सुनियोजित प्रयास युद्ध स्तर पर किए जाएं, तो भारत के लिए सुनहरा अवसर भी हो सकता है। भारत की आबादी उसके लिए बड़ी पूंजी बन सकती है। चीन की तर्ज पर भारत के बाजार को वैश्विक मांग के अनुसार विकसित किया जा सकता है। सरकार को निर्यात मे विविधता देने के लिये घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और रुपये को वैश्विक बाजार में स्थिर बनाये रखने के लिए नई रणनीति बनानी होगी।अमेरिका की आसन्न मंदी का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इसकी गंभीरता इस पर निर्भर करेगी, विभिन्न देश कितनी कुशलता से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को संतुलित कर पाते हैं। भारत को इस संकट के प्रति सतर्क रहकर दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत सरकार को इस तरह से अपनी नीतियां बनानी होंगी, जिससे भारत में स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़े, निर्यात व्यापार के लिए छोटे उत्पादकों और कारोबारियों को मौका मिले, इसका ध्यान रखना जरूरी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह की नीतियां लागू करने की कोशिश की है इसका असर भारत सहित दुनिया के सभी देशों में पडने जा रहा है। चीन और यूरोप के देशों ने अमेरिका की इस नई नीति के विरोध में अपनी कमर कस ली है। अमेरिका को वह बराबरी से जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं। भारत सरकार ने अपनी किसी नीति का खुलासा नहीं किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दो महीने में भारत को लेकर जो नीति बनाई है और कार्रवाई की है, उसके बारे में भारत सरकार का मौन साध लेना भारत के साथ-साथ वैश्विक कूटनीतिक एवं सामरिक संबंधों को भी प्रभावित कर रहा है।

विश्व में दो विज़नों का आगाज़ - मेक इन इंडिया, मेक अमेरिका

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर फिर एक बार पूरी दुनियाँ को मानना पड़ेगा कि,क्यों अमेरिका को दुनियाँ के बादशाह की संज्ञा दी गई है। पिछले दिनों हमने देखे कि किस तरह रुस को मोहरा बनाकर यूक्रेन पर दबाव, फिर व्हाइट हाउस में ट्रंप ज़ेलेंसकी की शाब्दिक गर्माहट,अनेक देशों के तख्ता पलट यानी सत्ता की चाबी, इसका नतीजाज जेलेंस्की द्वारा 5 मार्च 2024 को रुस से युद्ध समाप्त करने की हामी भरी और एक चिट्ठी लिखकर इशारा सहित इसके पहले अप्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखाना सहित अनेक कठोर कदमों के साथ दिनांक 5 मार्च 2024 को अमेरिकी कांग्रेस को ट्रंप प्रशासन - 2 का पहला संबोधन हुआ, जिसमें पाकिस्तान की तारीफ, वैश्विक मुद्दों की चर्चा, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन को ध्यान में रखते हुए भारत चीन सहित अनेकों देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स 2 अप्रैल 2025 को लागू करने की घोषणा की, यानें जो देश जितना टैक्स इंपोर्ट पर लगता है उतना ही रिसिप्रोकल टैक्स उसके एक्सपोर्ट पर भी लगाई जाएगी, इसीलिए अनेक देशों में खलबली मची हुई है। अनेक चीजों पर भारत-अमेरिकाएक दूसरे पर निर्भर हैं अगर दोनों एक दूसरे पर उतना टैक्स लगा देंगे तो अत्यधिक महंगाई हो जाएगी जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा वैसी ठीक वैसी ही स्थिति अमेरिका के पास भी उत्पन्न होगी खासकर भारत को फार्मास्यूटिकल प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ व्यापार होता है जो अमेरिका वालों को सस्ता लगता है इसलिए वे भारतीय चीजों को रिस्पांस देते हैं,परंतु अब इसपर रेसिप्रोकल टैक्स लगने से भारतीय उद्योगों को एमएसएमई सहित जो एक्सपोर्ट करते हैं उनकी बहुत अधिक फजीहत होने की संभावना है, क्योंकि उनका माल अमेरिका नहीं जा सकेगा क्योंकि अमेरिका जो भी जो माल आएगा उसपर भी टैरिफ लगाए आने से इसकी कीमतें बढ़ जाएगी, जिसका अल्टीमेटली फर्क उपभोक्ताओं को ही पड़ेगा, क्योंकि वह चीजें महंगी होंगी तो लोगों की जेब से अधिक पैसे खर्च होंगे इसलिए वे भारतीय चीजें लेना बंद कर देंगे ट्रंप का मानना है कि इसके दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। मेरा मानना है इसका असर अमेरिका सहित इत्यादि अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पढ़ सकनें की संभावना है, क्योंकि विश्व में दो विज़न्स का आगाज़ चल रहा है, मेक इन इंडिया तथा मेक अमेरिका ग्रेट अगेन इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका का रेसिप्रोकल टैक्स बम 2 अप्रैल 2025 से लागू, भारत चीन सहित अनेकों देशों में खलबली मचना तय होने की संभावना?

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारत सहित कुछ देशों पर 2 अप्रैल 2025 से रेसीप्रोकल टैक्स लगाने कीघोषणा करने की करें तो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत को रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात को दोहराया है, उन्होंने कहा कि भारत, चीन सहित दुनिया के कई देशों पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया जाएगा, इससे पहले कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत और चीन पर लगे 10 प्रतिशत ड्यूटी को बढ़ाकर 20 प्रतिशत लागू कर दिया था, ट्रंप के इस कदम से ग्लोबल मार्केट में अस्थिरता देखी जा रही है। दरअसल, ट्रंप 5 मार्च 2025 को कांग्रेस के ज्वाइंट सेशन को संभोधित कर रहे थे, उन्होंने इस दौरान अमेरिका रिच अगेन का आह्वान करते हुए इसका ऐलान किया,उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दूसरे देशों की ओरसे अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिसेस को रोकने के लिए यह बेहद जरूरी कदम है। यह फैसला अमेरिका की इंडस्ट्रीज और वर्कर्स को प्रोटेक्ट करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस वजह से 2 अप्रैल को लागू होगी नई टैरिफ पॉलिसी,ट्रंप ने कहा, यह सिस्टम संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सही नहीं है और न ही कभी था, वे हम पर जो भी ड्यूटी लगाएंगे, हम उन पर शुल्क लगाएंगे, यदि वे हमें अपने मार्केट से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं डालते हैं, तो हम भी ऐसा ही करेंगे, इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ट्रैरिफ 2 अप्रैल से क्यों लागू किया जाएगा।ट्रंप ने मजाक तौर पर कहा कि पहले 1 अप्रैल से यह नीति लागू होने वाली थी, लेकिन इसे एक दिन आगे इसलिए टाल दिया गया कि इसे अप्रैल फूल न करार दिया जाए! बता दें कि ट्रंप की नई ट्रैरिफ नीति कनाडा, मैक्सिको, चाइना, यूरोपीय संघ और भारत सहित कई दिग्गज ट्रेड पार्टनर्स पर लागू होगी।

साथियों बात अगर हम रेसिप्रोसिल टैक्स से भारत को असर पढ़ने की संभावना की करें तो,बता दें कि अमेरिकी रेसिप्रोकल पॉलिसी का भारत पर गहरा असर पड़ेगा। इससे भारत के कई सेक्टरों को भारी नुकसान झेलने की आशंका है, दअसल, भारत अमेरिका को जेनेरिक मेडिसीन को एक्सपोर्ट करता है, जिससे भारत की दवा कंपनियों को मोटी आमदनी होती है, ऐसे में टैरिफ नीति से फॉर्मासुटिकल कंपनियों को भारी नुकसान होगा,इसके अलावा, आईटी सेक्टर पर भी गहरा नुकसान होने की उम्मीद है। ट्रंप यह कदम भारत की आईटी कंपनियों के लिए मुसिबत बन सकता है, इन्हें अमेरिका में प्रोजेक्ट्स मिलने में बांधा आएगी, इसके अलावा, ऑटोमोबाइल, मेटल सहित कई सेक्टरों को नुकसान होने की आशंका है। क्या होता है रेसिप्रोकल टैरिफ? रेसिप्रोकल टैरिफ का मतलब जब किसी देश को अन्य देश से एक्सपोर्ट और इंपोर्ट पर समान टैरिफ चुकाना पड़ता है तो उसे रेसिपोकल टैरिफ कहा जाता है। समझने के लिए- मान लीजिए कि अगर अमेरिका भारत से ऑटो सेक्टर के सामान इंपोर्ट करता है और उसे 25 प्रतिशत का टैरिफ देना पड़ता है तो, भारत को भी अमेरिका से ऑटो सेक्टर के सामान इंपोर्ट करने पर 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने के पीछे का मकसद अमेरिका एक्सपोर्ट के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करना है, जो अप्रत्यक्ष रूप से उन पार्टनर देशों को भी संबोधित करता है, जो यूएस ट्रेड को असंतुलित करते हैं। नुमोरा ने एक कॉमन ट्रेंड को हाईलाइट करते हुए कहा कि अमेरिका से ट्रांसपोर्ट और एग्रीकल्चर सेक्टर के प्रोडक्ट इंपोर्ट करने पर बहुत ज्यादा टैरिफ है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 5 मार्च 2024 को ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस ट्रंप-2 शासन के प्रथम अधिवेशन के संबोधन में मुख्य 10 बातों की करें तो,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल से भारत पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे 100 पेर्सेंट से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ 1 घंटे का भाषण दिया था।ट्रम्प ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी अमेरिका का दौर लौट आया है से की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले भाषण की 10 अहम बातें की (1) जैसे को तैसा टैरिफ- 2 अप्रैल से जैसे को तैसा टैरिफ लागू होगा। दूसरे देश हम पर भारी टैरिफ और टैक्स लगाते हैं, अब हमारी बारी है। अगर कोई कंपनी अमेरिका में प्रोड्क्ट नहीं बना रही है तो उसे टैरिफ देना होगा। (2) यूक्रेन जंग- जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है। हमें मॉस्को से मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं (3) अप्रवासी मुद्दा- पिछले चार साल में 2.1 करोड़ लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं। हमारी सरकार ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा बॉर्डर और इमिग्रेशन क्रैकडाउन शुरू किया है। (4) जो बाइडेन- बाइडेन अमेरिकी इतिहास के सबसे खराबराष्ट्रपति हैं। उनके कार्यकाल में हर महीने लाखों अवैध लोग देश में दाखिल हुए। उनकी नीतियों के चलते देश में महंगाई बढ़ी। (5) गोल्ड कार्ड वीजा- हम गोल्ड कार्ड वीजा सिस्टम लाने जा रहे हैं। यह ग्रीन कार्ड की तरह है, लेकिन उससे ज्यादा एडवांस है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी और कंपनियों को फायदा होगा। (6) पनामा नहर और ग्रीनलैंड- हम किसी भी तरह पनामा नहर पर कंट्रोल हासिल करेंगे। इसके साथ ही हम किसी भी तरह ग्रीनलैंड को अपने में शामिल करेंगे। हम वहां के लोगों की हिफाजत करेंगे। (7) इलॉन मस्क और ष्ठश्वत्रश्च- इलॉन मस्क के ष्ठश्वत्रश्च विभाग ने पिछली फेडरल सरकार के कई घोटालों को उजागर किया है। मस्क को ये विभाग बनाने की कोई जरूरत नहीं थी, लेकिन उन्होंने देश के लिए ऐसा किया। (8) फ्री स्पीच- हमने सरकारीसेंसरशिप पूरी तरह रोक दी है और अमेरिका में फ्री स्पीच वापस ले आए हैं। हमने ऐसे सरकारी तंत्र को खत्म कर दिया है जिसका इस्तेमाल हथियार के तौर पर किया जाता है। (9) तेल और गैस- अमेरिका के पास दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा लिक्विड गोल्ड (तेल और गैस) है। हम अलास्का में बहुत बड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाएंगे। इसमें कई देश अरबों रुपए निवेश करना चाहते हैं। (10) स्पेस प्रोग्राम- हम विज्ञान की नई सीमाओं को पार करेंगे, इंसान को अंतरिक्ष में आगे ले जाएंगे और मंगल ग्रह पर अमेरिकी झंडा फहराएंगे। हम दुनिया की सबसे उन्नत और शक्तिशाली सभ्यता का निर्माण करेंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिका का रेसिप्रोकल टैक्स बम 2 अप्रैल 2025 से लागू- भारत चीन सहित अनेक देशों मैं खलबली मची।विश्व में दो विज़नों का आगाज़ - मेक इन इंडिया, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन।ट्रंप के रेसिप्रोकल टैक्स कदम से ग्लोबल मार्केट में हड़कंप व अस्थिरता के माहौल से महंगाई बढ़ने की संभावना।(-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक

पाकुड़ की खबरें

स्कूल में मनाया गाया महिला दिवस

पाकुड़। शनिवार को ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल, पाकुड़ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर विद्यालय के निदेशक मनोज भगत और प्रधानाचार्य गौतम बेलारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर महिला दिवस की कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के शिक्षक कुमार सानू ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य और शिक्षक शुभंकर मित्रा के प्रेरणादायक भाषण रहे, जिसमें दोनों ने समाज में महिलाओं की भूमिका और समानता की आवश्यकता पर जोर दिया। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रेरक कथन, कविता आदि का मंचन किया गया। महिलाओं की शक्ति, गरिमा और सहनशीलता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की सभी महिला कर्मचारियों को उपहार देकर उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक बेपारी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये सबको धन्यवाद देते हुए कहा की इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता की भावना को बढ़ाना है।

जिला ट्रक एसोसिएशन की बैठक आयोजित, भाड़ा बढ़ाने की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़ । पाकुड़ जिला ट्रक एसोसिएशन की बैठक लड्डू बाबू आम बागान में संगठन के अध्यक्ष बृजमोहन शाह के नेतृत्व में बैठक हुईम बैठक में लगातार जाम की समस्या, अधिक ट्रिप नहीं होने की समस्या, एवं भाड़ा बढ़ोतरी की समस्या एवं अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष बृज भूषण साह ने कहा की डीबीएल एवं बीजीआर के द्वारा एक माह में 60 टिप से अधिक चलेगा।जिस पर 300 रुपये भाड़ा देना होगा।लेकिन अमड़ापाड़ा से पाकुड़ लोटा मारा साईडिंग पर एक माह में महज 30 ट्रिप ही गाड़ी चल पा रही है। इसकी मुख्य वजह आए दिन घंटो जाम की वजह रहती है। अब साठ ट्रिप नहीं लगने के कारण 300 डीबीएल के द्वारा भाड़ा नहीं दिया जा रहा है। जो खेद का विषय है। इन तमाम मुद्दों को लेकर आज बैठक की गई।इन सभी मुद्दों को लेकर बीजीआर, बीबीएल एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी को एक सप्ताह का समय दिया जाएगा।अगर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो अगले रविवार को पुनः बैठक होगी एवं बैठक में ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

सीओ ने बालू लदा दो ट्रैकर किया जब्त

महेशपुर (पाकुड़)।सीओ संजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार शाम को पुलिस बल के साथ अवैध बालू परिवहन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान सीओ ने महेशपुर- शहरग्राम मुख्य सड़क के देवपुर मिशन के पास अब तरीके से बिना माइनिंग चालान के बालू ले जा रहे, दो ट्रैक्टर को रोका दोनों ही ट्रैक्टर के चालक से संबंधित चालान की मांग करने पर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद सीओ ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लेकर आया। वही ट्रैक्टरो जब्त को लेकर सीओ ने संबंधित ट्रैक्टर के मालिक एवं चालक के खिलाफ बिना माइनिंग चालान के बालू

एएसआई को दी गई विदाई

हिरणपुर (पाकुड़) थाना परिसर में शुक्रवार शाम को एएसआई अमरनाथ राम की विदाई समारोह आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य रूप से लिट्टीपाड़ा पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी रंजन सिंह, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम में हिरणपुर थाना में कार्यरत पूर्व एएसआई अमरनाथ को बुके एवं शॉल ओढ़ाकर विदाई दी गई। इस दौरान उपस्थित थाना प्रभारी, एसआई ने पूर्व एएसआई के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 6 माह के कार्यकाल में थाना क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिए है। उनका आमजनों के साथ तालमेल बहुत अच्छा रहा साथ हि उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर एसआई आरडी सिंह, गोपाल महतो सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं हिरणपुर के गण्यमान्य लोग उपस्थित रहें।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजिन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता
लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)

शनिवार को प्रखंड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला दिवस कार्यक्रम सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस आयोजन का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मुकेश बेसरा सहित उपस्थित प्रतिष्ठित महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया।इस कार्यक्रम में बीडीओ ने कहा कि यह दिन नारी शक्ति और महिलाओं की उपलब्धियों को नमन करने का है। महिला दिवस का दिन हमें नारी शक्ति को हर सम्मान और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। यह दिवस हमें महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है।यह दिन उन्हें यह ऐहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास हैं। भारत में आजादी के बाद लगातार सुधारों से महिलाओं को पुरुषों की तरह सशक्त बनाया गया है। आज वे स्वावलंबी और स्वतंत्र है। इसीलिए अब कहा जाने लगा है कि भारतीय महिलाओं की सीमाएं आकाश की तरह अंतहीन हो गई है।वहीं गैर सरकारी संस्था प्रवाह के आजीविका प्रखंड समन्वयक शालिनी सन्नी और एग्रीकल्चर एक्सपर्ट समर्पिता भट्टाचार्य ने उपस्थित महिलाओं को अपने संबोधन में कहा कि नारी स्वतंत्रता का मतलब उसकी शक्ति को पहचानना और सम्मान देना है। हर नारी को खुद पर विश्वास होना चाहिए तभी वह कुछ बड़ा कर सकती है। एक महिला केवल घर नहीं संभालती ब्लकि वह पूरी दुनिया बदल सकती है। सशक्त महिला वह है जो खुद के फैसले लेने में सक्षम हो।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आवास पर इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पाँच सेविका, पाँच जलसहिया, पाँच जेएसएलपीएस दीदी और कर्मी, पाँच ए.एन.एम , पाँच दीदी बाड़ी योजना के महिला लाभुक, पाँच स्कुली बच्चों को ब्लेजर, 20 छात्राओं को साइकिल वितरण सहित प्रशस्ति-पत्र, पुष्पगुच्छ और फूल देकर सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला पर्यवेक्षिका सोनाली कुमारी, रागिनी कुमारी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिका सीमा कुमारी, भारती कुमारी, वनिता सरकार सहित दर्जनों आँगन बाड़ी सेविका, सहायिका, ए.एन.एम, स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया, स्वयं सहायता समूहों की दीदी और काफ़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। श्री शाश्वत स्मृति व महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में श्री गुरुदेव कोचिंग सेंटर पाकुड़ के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री शाश्वत स्मृति के अध्यक्ष भागीरथ तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत 8 मार्च 1908 को न्यूयॉर्क शहर से श्री गणेश हुआ था।इसके बाद 1910 में डेनमार्क की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिंग ने महिलाओं को के सम्मान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। वर्ष 1911 में ऑस्ट्रेलिया जर्मनी, डेनमार्क एवं स्वीटजरलैंड में महिला दिवस मनाए जाने को लेकर शुरुआत की गई। पुनः 1975 में संयुक्त राज्य (यू एन) की ओर से इसे आधिकारिक रूप में मान्यता दी गई। तब से लेकर आज तक यह प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में भी नारी को मां दुर्गा सरस्वती काली के रूप में पूजा जाता है। सृष्टि के प्रारंभ से ही हमारे शास्त्रों में नारी जाति की सम्मान रही है और आज भी कायम है। हमें महिलाओं के प्रति आदर और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। शाश्वत स्मृति के उपाध्यक्ष डॉ मनोहर कुमार ने कहा कि में कहा पूरे विश्व में महिलाओं को सम्मान मिले इसके लिए नारी सशक्तिकरण उनके अधिकार अवसर और समानता का अधिकार होना अति आवश्यक है। ऐसा इसलिए ता की महिलाएं स्वतंत्र रूप से अपनी निर्णय ले सके और समाज में अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भागीदारी निभा सके। 1908 से महिला सशक्तिकरण सामाजिक - राजनीतिक, शिक्षा - स्वास्थ्य,आर्थिक स्वतंत्रता यह कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। महिलाएं सबल और आत्मनिर्भर भी हो रही है। सरकार ने उनके सम्मान के लिए अनेकों कदम उठाए हैं। किंतु आज भी इसमें भारी कमी है। हम अभी भी पनप ही रहे हैं। हम महिलाओं को उनके सम्मान और अधिकार देने कई बार सोचने लगते हैं। शास्त्रसंगत बात है कि जहां स्त्रियों का सम्मान होता है वहां देवता का वास होता है। घर में सुख समृद्धि और शांति मिलती है। एक तरफ दबी कुचली अशिक्षित, घरेलू और पिछड़े महिलाएं और दूसरी तरफ प्रगति के पथ पर पढ़ी-लिखी अग्रसर महिलाएं जो कई मामलों में पुरुषों के मुकाबले काफी आगे निकल चुके हैं और अपनी नई कीर्ति स्थापित कर रही हैं। पतंजलि योग समिति पाकुड़ द्वारा श्रीमती डॉक्टर सुशीला हंसदा प्राचार्या महिला कॉलेज पाकुड़, श्रीमती रूमा सिंह निदेशिका कलाकृति केंद्र, श्रीमती डॉली मित्रा, श्रीमती वंदना कुमारी श्रीमती मंजू देवी पाकुड़ को पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

बिजली चोरी मामले में पांच लोगो पर मामला दर्ज

महेशपुर (पाकुड़)महेशपुर बिजली विभाग की टीम ने बीते 5 मार्च को विद्युत चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कनीय विद्युत अभियंता सुरेंद्र प्रसाद मुर्मू ने किया। इस दौरान टीम ने पोखरिया एवं चांडालमारा गांव में छापेमारी कर पांच लोगों को विद्युत ऊर्जा चोरी करते हुए पाया। विद्युत चोरी के मामले को लेकर शुक्रवार शाम को कनीय विद्युत अभियंता सुरेंद्र मुर्मू ने पोखरिया गांव के विनोद कुमार भगत, हृदयनंद भगत, अमित कुमार इन तीनों के खिलाफ 9576 रुपये करके जुर्माना लगाया है। साथ ही चांडालमारा गांव में छापेमारी के दौरान संतोष भंडारी एवं सूरज पाल को टोका लगाकर विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। इन दोनों को 15264 करके जुर्माना के साथ विद्युत ऊर्जा चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर (पाकुड़)प्रखंड के डाकबंगला परिसर के प्रगण में झारखंड मुक्ति मोर्चा की महिलाओं ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया । इस मौके पर झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सैकड़ो महिला शामिल हुए । इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्षा जुली खिस्टमणि हेंब्रम शामिल हुए।इस मौके पर जिप अध्यक्षा जुली खिस्टमणि हेंब्रम ने बताया कि आज का दिन विशेष रूप से महिलाओं के लिए समर्पित होता है।यह एक ऐसा दिन है जब महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक सीमाओं में उनकी उपलब्धियों के लिए मान्यता दी जाती है।महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संविधान में उनके लिए कई उल्लेख किए गए है।झारखंड में महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा कई सारी योजनाएं चलाई जा रही है साथ ही महिला सशक्त बने उन्हें पंचायत जनप्रतिनिधि से लेकर राज्य और देश सभी जनप्रतिनिधियों की लिस्ट में भी शामिल किया जाता है।इस अवसर पर रूहुल अमीन,कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम,गुड्डू भगत,अल्तमस हेंब्रम,जोगेंद्र मुर्मू,बाबूधन मरांडी,बिनीता मरांडी,अनिता मुर्मू,सुनीता सोरेन ,सावित्री मुर्मू,साइमन मुर्मू,जोशीमुद्दीन शेख,अजहरुल इस्लाम,रहमान शेख,नसीर शेख, मिलन सोरेन,अलामीन शेख, हमिक अंसारी,राजू अंसारी,सुनील मंडल,न्यूटन शेख सहित सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

झामुमो ने महिला दिवस मनाया

पाकुड़। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला समिति की पूर्व जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम के नेतृत्व में स्थानीय लड्डू बाबू आम बागान में विश्व महिला दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम जिला सचिव माईकिल मुर्मू व पूर्व युवा जिलाध्यक्ष सुनील टुडू शामिल हुए। जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम सहित अन्य अतिथियों का माला पहनाकर आदिवासी परंपरानुसार भव्य स्वागत किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने देश की हर बहन, बेटी और माँ को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि महिलाओं ने हर दौर में इतिहास रचा है। चाहे वो आज़ादी की लड़ाई हो, राष्ट्र निर्माण । हम सभी महिलाओं का वंदन करते हैं । झारखण्ड की अबुआ सरकार भी संकल्पित है कि हमारी मां-बहनें सिर्फ़ योजनाओं का लाभार्थी न बनें, बल्कि वे हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त बनें। जब महिलाएँ आगे बढ़ेंगी, तो झारखण्ड और देश भी आगे बढ़ेगा। महिलाओं के सशक्तिकरण तथा उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं सामाजिक तथा आर्थिक विकास हेतु राज्य केमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। जिला सचिव माईकिल मुर्मू व महिला मोर्चा की पुर्व जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम ने विश्व महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि नारी शौर्य है, साहस है, शक्ति है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि महिलाओं के उत्थान के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहें ताकि उनका सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके और उन्हें एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण मिल सके।मौके पर युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील टुडू, महिला मोर्

भाजपा महिला मोर्चा ने किया महिलाओं को सम्मानित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष रूपा केसरी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद की सदस्य बिना देवी ने कहा कि महिलाओं के आगे बढ़ने के लिए यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता% इस श्लोक को उद्धृत करते हुए प्रोफेसर राजीव रंजन सिंह ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर जोर दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने महिलाओं से अपील की कि वे आने वाले दिनों में 33त्न आरक्षण का लाभ उठाने के लिए राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लें। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति की सदस्य विशाखा सिंह, रीता चौरसिया, ममता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रो. राजीव रंजन सिंह, महिला मोर्चा की सदस्य सरिता बरनवाल, प्रेमलता बरनवाल, बीना मंडल, लक्ष्मी देवी, गुड्डी झा, पूजा केसरी, सरिता वर्मा, शारदा देवी, नेहा सिन्हा, सुनीता जायसवाल, सपना विश्वकर्मा, रेखा देवी, खुशबू कुमारी, सुमन कुमारी, मुन्नी देवी, रूबी देवी, झुमकी कुमारी, सोनी केसरी, मीना सिंह, रंजन केसरी, नीतू केसरी, कृति केसरी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की महिलाएं और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रूपा केसरी ने कहा, मैं बिना थके, बिना रुके 24×7 महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए काम करती रहूंगी।इस आयोजन के माध्यम से महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें प्रोत्साहित किया गया कि वे इनका अधिकतम लाभ उठाएं।

चेतना विकास संस्था ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया भव्य आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चेतना विकास द्वारा रामराज आश्रम,देवघर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं की भागीदारी रही।इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम ÷एक्सीलरेट एक्शन÷(तेजी से कार्य करना) रही, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने का संदेश देती है।मुख्य अतिथि कुमारी रंजना, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, देवघर,कल्पना झा, लोकपाल,सुचित्रा झा, सदस्य, उपभोक्ता फोरम, सुशीला सिन्हा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।इन चर्चाओं

में प्रमुख रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।- बदलती परिस्थितियों में हिंसा के स्वरूप, लिंग आधारित हिंसा के विभिन्न आयाम, संकट की घड़ी में महिलाओं की भूमिका और हकदारी , महिला सशक्तिकरण हेतु सरकारी नीतियों और योजनाओं का प्रभाव

।कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं और हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए. इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा संबोधन दिया गया।जिसमें उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा,शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने पर बल दिया।कार्यक्रम का समापन चेतना विकास की निर्देशिका रानी कुमारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन द्वारा की गई।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने की दिशा में एक प्रयास है।

कार्यक्रम में प्राणु सिंह, आभा, तृप्ति रानी, रंजना, संगीता, प्रमिला एवं ग्रामीण महिला एवं युवाओं की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेतना विकास के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकार एवं सम्मान मार्च निकाला गया

इंटक नेताओं द्वारा महिलाओं को किया गया सम्मानित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी के नेतृत्व में मोहनपुर प्रखंड स्थित गांधी आश्रम से मोहनपुर मिडिल स्कूल तक महिला अधिकार एवं सम्मान मार्च निकाला गया।मार्च के पश्चात राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को इंटक नेताओं द्वारा अंग वस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने द नेशनल क्रेडिट को ऑपरेटिव बैंक की ब्रांच मैनेजर श्वेता सोनी, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने देवघर महिला थाना की थाना प्रभारी वंदना हांसदा, मोहनपुर प्रखंड इंटक के प्रखंड

अध्यक्ष अजयकांत ठाकुर ने देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी को,मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पंजाबी राउत ने चकरमा पंचायत की पूर्व मुखिया पूजा देवी एवं देवघर जिला इंटक के गंगाधर रजक ने पंचायत समिति की सदस्य पिंकी देवी को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त मार्च में राधा पाल,पूजा देवी, रीना देवी,सियावती कुमारी, चंद्रकला देवी,पिंकी देवी,ललिता देवी,पचिया देवी,सुकमा देवी, राधिका देवी,दुखा देवी,पद्मावती देवी,मानो बीवी,तन्ना,रिंकू देवी, रंभा कुमारी, रेखा कुमारी, रेशमा दीदी, खुशबू दीदी, सकेता बीवी, उमा देवी, देवी, चंपा देवी,श्वेता, सृष्टि कुमारी,रीना देवी,चंद्रकला देवी, पिंकी देवी,बचिया देवी,चमेली देवी,रोशन बीवी,हसीन बीवी, ललिता देवी,सरिता देवी,शीला देवी,रिंकू देवी,माया देवी,संजू देवी,साहित कई लोग मौजूद थे।

कवि सम्मेलन सह होली मिलन समारोह का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । तिलक सेवा समिति देवघर के बैनर तले हर साल की भांति इस साल भी भव्य कवि सम्मेलन सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया।जिस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं कवियों ने भी होली पर आधारित कविता पाठ किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधान जिला जज चंद्र शेखर पांडेय को मूर्खाधिराज और विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करने वाले समाज सेवी अवधेश कुमार प्रजापति को मूर्खाधिपति की उपाधि दी गई साथ ही आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कवित्री सोनम झा जी को बुके और अंग वस्त्र प्रदान किया गया। मौके पर समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय ने कहा कि आज एक महिला को समिति सम्मान देकर खुद गौरवान्वित महसूस कर रही है। उपस्थित लोगों में समिति के महासचिव डॉक्टर विक्रम कुमार कोश अध्यक्ष राजेश कुमार शाही समाज सेवी अविनाश महतो सुनील कुमार शिवशंकर सिंह टुनटुन सिन्हा नू ईश्वर यादव कवि गणेश उमर वीरेश वर्मा जलेश्वर ठाकुर अशोक पांडे कपिलदेव राणा के अलावे काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

नाबालिग से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

देवघर। बुढ़ई थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बुढ़ई थाना कांड संख्या 17/25 के तहत धारा 65(1) बी.एन.एस.-2023 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4/8 के तहत केस दर्ज किया गया है। पीड़िता की ओर से दर्ज शिकायत में बताया गया कि आरोपी

बुढ़ई थाना क्षेत्र अंतर्गत केराकुंडी धमनी निवासी सोनू खान 19 वर्ष, पिता सलीम खान,ने उसे बहला-फुसलाकर शादी का झांसा दिया और शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आगे की जांच जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज होने के कारण आरोपी को कड़ी सजा होने की संभावना है।

इधर पुलिस सूत्रों ने बताया कि नाबालिग लड़कियों को बहलाने-फुसलाने और उनके शोषण के मामलों में पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां से उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया जाएगा।

देवघर में श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनेगा बसंतोत्सव, विशाल निशान यात्रा 9 मार्च को

देवघर। हर साल की तरह इस वर्ष भी श्री श्याम कीर्तन मंडल द्वारा श्री श्याम मंदिर में बसंतोत्सव एवं रंगभरी एकादशी का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। तीन दिवसीय फागुन मेले के दौरान 9 मार्च रविवार को श्री श्याम निशान रूपी अरदास यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 500 से 700 श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। 9 मार्च प्रातः 8 बजे से श्री बैजनाथ धाम गौशाला से श्रद्धालुओं द्वारा श्री श्याम निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी, जहां भक्तगण बाबा को निशान अर्पण करेंगे और भक्ति में लीन होकर बाबा श्याम को रिझाएंगे। 10 मार्च फागुन शुक्ल पक्ष एकादशी को, जिसे खाटू वाले बाबा श्याम का प्रिय दिवस माना जाता है, कोलकाता से आए फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। रात्रि में भजन संध्या शुरू होगी, जिसमें श्याम प्रेमी भक्तगण भजनों की बारिश में सराबोर होंगे। साथ बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। यह भजन संध्या प्रातः 4 बजे तक चलेगी। फागुन शुक्ल पक्ष द्वादशी 11 मार्च को प्रभु श्री श्याम को सवामणी भोग अर्पित किया जाएगा। इस भव्य महोत्सव की तैयारियों में श्री श्याम कीर्तन मंडल के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और अन्य भक्तगण पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। इस आयोजन की जानकारी मंडल के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी रोहित सुल्तानिया ने दी।

इग्नू में नामांकन एवं री-रजिस्ट्रेशन की तिथि का विस्तार

देवघर संताल एक्सप्रेस । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी 2025 सत्र के लिए नामांकन एवं री-रजिस्ट्रेशन की तिथि का विस्तार 28 फरवरी 2025 से 15 मार्च 2025 तक कर दिया गया है। जिन छात्र-छात्राओं ने अब तक नामांकन या री- रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाये हैं, वे 15 मार्च 2025 इग्नू के ऑफिशियल वेबसाइट ignou.ac.in में सर्च कर नामांकन या री-रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। नामांकन के लिए इच्छुक छात्र-छात्रा स्नातक कला एवं वाणिज्य के पास एवं प्रतिष्ठा तथा स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में दाखिला करा सकते हैं.विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक के पास कोर्स में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए निःशुल्क नामांकन की व्यवस्था की गई है। इग्नू अध्ययन केंद्र, कोड- 87012 में ऑनलाइन और ऑफलाइन काउंसलिंग क्लास की व्यवस्था एवं समय-समय पर व्हाट्सएप ग्रुप और स्क्रब के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां भी शिक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जाती है । विशेष जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र, डॉ जगन्नाथ मिश्रा महाविद्यालय, जसीडीह आकर लिया जा सकता है।

राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य को लेकर कार्यक्रम

देवघर संताल एक्सप्रेस । आई एम ए हॉल,देवघर में राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल (एन0पी0एच0सी0ई0)कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षक डॉ सिंह आलोक द्वारा बताया गया कि बुजुर्गों को कोफिट रहना जरूरी है।यह उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है,ऐसा करने से वह एक्टिव रहते हैं। बल्कि बुजुर्गों को व्यायाम या योग के लिए प्रोत्साहित करें आप चाहें तो उन्हें अपने साथ व्यायाम या योगकराएं यह उनके स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा रहेगा। इससे बीमारियां दूर होंगीऔर उनका अकेलापन कम होगा और वह स्वस्थ महसूस करेंगे। बुजुर्गों की देखभाल करना बहुत जरूरी है और देखभाल करने वाले को व्यक्ति कोउनकी जरूरतों को समझना चाहिए। आप चाहें तो उनका पूरा दिन का रूटीन बनाए ताकि उनकी दिनचर्या व्यवस्थित रहे और उन्हें आराम करने का भी समय मिलना चाहिए। बाकी आप इसतरह से बुजुर्गों की देखभाल कर सकते हैं और अच्छे से उनका ख्याल रख सकते हैं और इन्ही बातो के साथ आज की सभा का समापन किया गया।उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रवि कुमार सिन्हा (एफश्एलश सीश), रवि चंद्रामुर्मू , अभिषेक कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

देवघर संताल एक्सप्रेस । शनिवार को देवघर प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर पंचायत भवन में मानिकपुर आजीविका महिला संकुल संगठन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह जेंडर रिसोर्स सेंटर उद्घाटन जे एस एल पी एस के महिलाओं द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मानिकपुर मुखिया संजय शर्मा,गुलाब यादव ,ब्लॉक पदाधिकारी बीपीएम, एफ टी सी राहुल, ऐस डी आरिफ अली एवं सीसी , बी ए पी, जीसीआरपी,बीआरपी ,सक्रिय महिला, उपस्थित थे।इस दौरान सभी महिलाओं ने महिलाओं के प्रति हो रहे समाज में दहेज प्रथा,सामाजिक हिंसा ,डायन प्रथा,एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित की।

पतंजलि योग समिति ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । महिला पतंजलि योग समिति देवघर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अंजुला मेंशन में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत दीप प्रज्वलित कर,गणेश वंदना और गुरु वंदना से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व समाज कल्याण पदाधिकारी रु नू मिश्रा,समाज सेवी रीता चौरसिया,आर एस एस कि जिला प्रभारी प्रतिभा बरनवाल,ऋचा बरनवाल,राज्यकार्यकरिणी सदस्य आरती पाठक, जिला प्रभारी अंबिका झा , कवित्री शिप्रा झा , विजया सिंह उपस्थित थी।

इस अवसर पर सभी ने महिलाओं के गौरवपूर्ण इतिहास के बारे में बताया।इस पर अवसर पर महिलाओं और बच्चों द्वारा मुख्य रूप से योग और शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला पतंजलि योग समिति के सभी पदाधिकारी गण महामंत्री पूनम बरनवाल, कोषाध्यक्ष पुष्पा बरनवाल, सोशल मीडिया प्रभारी मंजू बरनवाल, संवाद प्रभारी सरिता बरनवाल, युक्ति प्रभारी पुनीता सिंह, संगठन मंत्री सुनीता सुनील , अनीता प्रियदर्शिनी, सुधा देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने महिला दिवस के साथ-साथ होली का रंगारंग कार्यक्रम का भी आनंद उठाया। सैकड़ो की संख्या में योगनि बहने, मातृशक्ति और बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

सफाई मित्रों का सराहनीय प्रयास, हथगढ़ तालाब हुआ कचरा मुक्त

चैती छठ और सूरजाहू पर्व को देखते हुए विशेष सफाई अभियान

संवाददाता

देवघर । स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत नगर आयुक्त रोहित सिन्हा के निर्देश पर वार्ड 35 और 36 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान की जिम्मेदारी वार्ड जमादार विभीषण पंडित ने संभाली, जिसमें 09 सफाई मित्रों की टीम ने हथगढ़ तालाब को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। इस पहल में स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर योगदान दिया। सफाई कार्य में अजय राउत, आर्यन राउत, अभिषेक राउत, आनंद राउत और धरम राउत ने सक्रिय सहयोग दिया। सफाई कार्य में योगदान देने वाले सफाई मित्र में

शंकर, महादेव, मुकुल, रंजीत, कर्ण, मनीष कुमार, बमभोली, राधे चालक, घनश्याम मुर्मू ने सगाई में योगदान दिया। हथगढ़ तालाब से कुल 2 ट्रैक्टर और 4 टीपर कचरा निकाला गया, जिसमें विसर्जित मूर्तियों के अवशेष और ग्रामीणों द्वारा फेंकी गई पूजा सामग्री भी शामिल थी। सफाई अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एमएसडब्लू एम के जय प्रकाश और पिंटू ने सफाई मित्रों को निर्देशित किया। निगम की ओर से 2 ट्रैक्टर और एमएसडब्लूएम के 4 टीपर उपलब्ध कराए गए।

दुकान में सो रहे बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी से हमला, लूटपाट की आशंका

संवाददाता

देवघर। देवीपुर थाना क्षेत्र के बघारा रायडीह गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार देर रात करीब 3 बजे अज्ञात बदमाशों ने 75 वर्षीय कुन्ना यादव पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि बदमाश दुकान में लूटपाट की नीयत से घुसे थे, लेकिन विरोध करने पर उन्होंने बुजुर्ग दुकानदार को बेरहमी से घायल कर दिया। घटना के समय दुकान में सो रहे थे कुन्ना यादव हमले के दौरान कुन्ना यादव अपनी दुकान में ही सो रहे थे। अचानक हुए हमले की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सके।

घायल बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

परिजनों ने तत्काल देवघर सदर अस्पताल में घायल बुजुर्ग को भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित के बेटे दीपक यादव ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही देवीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं और पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

झारखंड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल दुमका।

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

e-Tender Ref. No: WRD/Irr.Div.Dumka/SBD-IFB-06/2024-25 (4th call) Dt : 08.03.2025

1. विभाग का नाम – जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार ।
2. विज्ञापनदाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल, दुमका । Mob. No. -9801476699 Email ID- eedmkirr@gmail.com
3. निविदा विपत्र वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि – 11.03.2025 को (11:00 AM)
4. परिमाण विपत्र डाउनलोउ करने की तिथि – 11.03.2025 (11:00 AM) से 04.04.2025 (05:00PM) तक
5. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 04.04-2025 (05:00 PM)
6. तकनीकी निविदा खुलने की तिथि – 07.04.2025 (03:00 PM)
7. ई0–निविदा आमंत्रण सेल का हेल्प लाईन न0. 06432357181

कार्य का विवरण –

क्र0सं0	ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन राशि 1%	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य समाप्ति की तिथि
1	01	PCC Lining work and Restoration of Structures of Haripur Distributory Originating from Mayurakshi Left Bank canal	14,31,12,136.85	14,32,000.00	10000.00	18 माह

नोटः सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगें।
(1) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी, अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो इसकी सारी जवाबदेही सम्बंधित निविदादाता की होगी।
(3) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
(4) राज्य सरकार द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागू होंगें।
(5) ज्यादा जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
सिंचाई प्रमंडल दुमका

PR 348127 (Water Resource) 24-25 (D)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड,राँची
कार्यालय – भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी, देवघर
email : scodeoghar@gmail.com

अनुदानित दर पर ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–29 दिनांक 01.07.2024 में केन्द्र प्रायोजित RKVY- RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना अन्तर्गत कृषि उपकरण बैंक स्थापना के तहत् योजना का कार्यान्वयन स्वयं सहायता समूह/Entrpreneurs/Lamps/Pacs/FPOs/Village Organization (V.O) /कलस्टर फेडरेशन को कुल लागत राशि प्रति कृषि उपकरण बैंक की कुल पैकेज राशि 10,00,000/– (दस लाख) रूपया का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान की राशि 8,00,000/–(आठ लाख) रूपये पर कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु आवेदन फॉर्म में आवेदन आमंत्रित की जाती है।

देवघर जिले को OSP मद में कुल–05 एवं SCSP मद में कुल–04 समूहों का लक्ष्य प्राप्त है। देवघर जिला के इच्छुक कृषक समूह दिनांक 17.03.2025 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11 बजे से संध्या 04 बजे तक भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय, देवघर (संयुक्त कृषि भवन) चाँदपुर में आवेदन पूर्ण रूपेण भर कर आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते हैं। ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु यंत्र की पैकेज की सूची निम्न प्रकार है।

S. No.	Details of Agri. Machine	Total Package cost for group (Rs. in Lakhs)	Maximum subsidy for group (80%) (Rs. in Lakhs)
1.	Tractor 4 WD (08-20 PTO HP)		
2.	Tractor 2WD (20-40 PTO HP)		
3..	Power Tiller (8 BHP & Above)		
4..	Self Proplled Rice Transplanter (4 Rows)		
5.	Self Propelled Reaper (4 Rows)		
6.	Self Propelled Weeder (Below 2BHP)		
7.	Self Propelled Weeder (Above 2BHP)		
	Tractor (Below 20 BHP) driven equipments		
8.	Cage Wheel		
9.	Cultivator		
10.	Multi crop Threshers		
11.	Paddy Thresher		
	Tractor (Above 20 BHP) driven equipments		
12.	Zero-till Seed Drill multi crop (7 tines)	10.00	8.00
13.	Seed drill/Zero till seed drill (9 tines and above) Above 35 BHP Tractor driven		
14.	Cage Wheel		
15.	Cultivator		
16.	Multi crop Threshers		
17.	Paddy Thresher		
18.	Rotavator (Up to 5 Feet)		
19.	Rotavator (5 Feet)		
20.	Rotavator (6 Feet)		
21.	Rotavator (7 Feet)		
22.	Mini Rice Mill		
23.	Manual Sprayer: Knapsack/foot/Battery operated sprayer		
24.	Powered Knapsack sprayer/Power Operated sprayer (Capacity 8-12 lts)		
	Total Cost	10.00	8.00

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, से निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप जिले में स्वयं सहायता समूहों की विवरणी ससमय प्राप्त नहीं होने पर अन्य संस्थाओं द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह कृषक समूह की विवरणी प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अन्य संस्थाओं द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों/Entrpreneurs/Lamps/Pacs/FPOs/Village Organization(V.O)/ कलस्टर फेडरेशन या अन्य कृषक समूहों को योजनान्तर्गत आच्छादित किया जायेगा। प्रत्येक समूह में कम से कम 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
2. चयनित कृषक समूहों के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के क्रम में कृषि यंत्रों के क्रय हेतु निर्धारित न्यूनतम दर का 80 प्रतिशत (अधिकतम–8.00 लाख) अनुदान की राशि को छोड़कर शेष अंशदान की राशि समूह द्वारा उनके खाते में जमा होने का साक्ष्य भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय, देवघर को दिया जायेगा।
3. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है। उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी।
4. कृषि उपकरण बैंक स्थापना हेतु आवेदन संबंधित ग्राम सभा से पारित होना चाहिए।
विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता :– कार्यालय भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी, देवघर (संयुक्त कृषि भवन) चाँदपुर

भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी,
देवघर

PR 348184 Deoghar(24-25).D

गोड्डा से भागलपुर निशान पद यात्रा पर चला श्याम प्रेमी का जत्था

गोड्डा । दादी श्याम परिवार के तत्वावधान मे फाल्गुन महोत्सव श्री खाटू श्याम जी निशान पद यात्रा स्थानीय मारवाड़ी युवा मंच कार्यालय सह निर्माणाधीन श्याम मंदिर गोड्डा से श्याम प्रभू की ज्योति और निशान पुजन कर नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के पश्चात भागलपुर के लिए श्याम प्रेमी भागलपुर स्थित मंदरोजा श्याम मंदिर तक नाचते गाते तिन दिवसीय यात्रा के लिए चले गये। नगर भ्रमण के दौरान निशान यात्रा का भव्य स्वागत विभिन्न स्थान पर विभिन्न संगठनो के द्वारा पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा आदी के द्वारा किया गया। श्याम प्रेमी प्रितम गाडिया ने बताया कि राजस्थान के सिकर जिले मे खाटू मे श्याम मंदिर मे फाल्गुन मास के महीने मे लाखो निशान चढ़ाया जाता है। सात दिवसीय मेला मे लगभग तीस लाख श्रद्धालु देश भर से जुटते है। श्री गाडिया ने बताया की महाभारत काल मे भीम के पौत्र बर्बरीक ने शीश का दान देकर कृष्ण से श्याम नाम एवं कलयुग के देव होने का वरदान पाया था। बर्बरीक मातृ भक्त थे। माता को वचन दिया सदैव हारे का साथ निभाने का जो आज भी कायम है। जो भी इंसान श्याम के दरबार मे हारकर जाता है। उनकी जीत अवश्य सुनिश्चित होती है। भगवान शिव ने वीरता से प्रसन्न होकर तीन बाण भेंट स्वरूप दिये है। जिससे एक बाण से एक मुर्हत मे पुरी श्रृष्टि का संहार किया जा सकता है।निशान यात्रा मे अंकित गाडिया,अविनाश अग्रवाल, विवेक गाडिया, पुनीत बजाज, सज्जन शिवानीवाला, पियूष गाडिया, अमित बजाज, आलोक गाडिया, पियूष खेमानी, बजाज, रितेश टेकरीवाल, रवि अग्रवाल, ओमप्रकाश टेकरीवाल, पप्पु गाडिया, सरिता टेकरीवाल, बिणा टेकरीवाल, श्वेता गाडिया, मिरा बजाज, महेश बजाज,

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समूह की महिलाओं ने किया कार्यक्रम का आयोजन

ठाकुरगंगटी । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस परप्रखंड क्षेत्र के चांदा संकुल में झारखंड स्टेट लाईवालीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़ी महिलाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दहेज प्रथा, बाल विवाह, नशाबंदी, बदलाव, नारी एकता, नारी सशक्तिकरण, स्वावलंबन, नारियों को आत्मनिर्भर बनाने, नियमित साप्ताहिक बचत राशि का जमा, समय पर ऋण का आदान-प्रदान, गांव का समुचित सार्वजनिक विकास के लिए विभिन्न माध्यमों से योजना बनाने और योजना के कार्यों को पूर्ण करने के साथ-साथ योग्य लाभुकों को आवश्यकता अनुसार नियमानुसार हर प्रकार का लाभ दिलवाने आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी गई। संबोधन के माध्यम से महिलाओं ने अपनी गुणवत्ता का शानदार और जोरदार प्रदर्शन किया। मुखिया अवधेश ठाकुर, मुखिया पति प्रफुल महतो, बी पी एम प्रेम प्रकाश, पंचायत समिति सदस्य विनीत कुमार, बी पी ओ चंदन ठाकुर, सी सी, जितेंद्र दास, पी एल भी मुन्नी रानी, बी ए पी शंकर गुप्ता, एस आर पी रेखा देवी, सी एल एफ अध्यक्ष बेबी देवी, सचिव रेखा देवी, कोषाध्यक्ष संगीता देवी, पी आर पी निकिता, सभी कार्यकर्ता चंदा संकुल क्षेत्र के चांदा, चपरी, खरखोदिया, फुलबड़ीया चारों पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों की दर्जनों समूह की सैकड़ों सदस्या महिला शामिल थी। कार्यक्रम में के अंत में सबों ने एक दूसरे को अभी गुलाल लगाकर आपसी भाईचारा और बहनों का शानदार संकेत दिया।

गोड्डा कॉलेज में आदिवासी छात्रों ने मनाया बाहा पर्व

गोड्डा । संताल जनजाति एक उत्सव पसंद जनजाति है, उत्सवों में बाहा पर्व भी आता है। बाहा का अर्थ फूल होता है। बसंत के अवसर पर हजारों प्रजातियों के फूल प्रकृति हमें देता है। फाल्गुन में होली के ठीक पहले विभिन्न गांव में अलग-अलग तिथियों में संताल आदिवासियों द्वारा बाहा पर्व मनाया जाता है। इस पर्व में संथाल स्त्री-पुरुष परंपरागत वस्त्र पहनते हैं और मांदर बजाते हैं। जाहेर थान में देवी-देवताओं की पूजा कर साल और महुआ के फूल चढ़ाए जाते हैं।शनिवार को गोड्डा कॉलेज के बीएड बिल्डिंग के प्रांगण में सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने बाहा पर्व का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत किया और विभिन्न परंपराओं का प्रदर्शन किया। संध्या तक छात्र-छात्राओं ने संगीत एवं नृत्य का भी आनंद लिया। प्राचार्य डा0 स्मिति घोष, प्रोफेसर प्रद्रीनाथ हांसदा, प्रोफेसर योगेश मुर्मू, डॉ0 पंकज कुमार, डॉ0 रणविजय सिंह, डॉ0 मीरा कुमारी, डॉ0 पंकज मुर्मू सहित कई शिक्षकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान राजा परीक्षित जन्म प्रसंग पर की गई व्याख्या

नाला (जामताड़ा)। नाला नेताजी स्टेडियम में आयोजित श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान कथा वाचिका सुश्री अंजनी गोस्वामी के द्वारा राजा परीक्षित की जन्म प्रसंग पर आधारित व्याख्या की गई। इस दौरान उन्होंने राजा परीक्षित का जन्म वृतांत तथा भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। इस दौरान भरत कैईकेई की त्याग के बारे में भी बताया गया। कथा प्रसंग के दौरान कहा गया कि जिस यज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा नहीं होती वह निष्फल होता है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उत्तरा के गर्भ में पल रहे राजा परीक्षित कलयुग के प्रभाव में आकर अहंकार से वशीभूत होकर समीक ऋषि का अपमान कर श्रृंगी ऋषि से अभिशप्त हुए। राजा को लगा कि ऋषि शमीक ने जानबूझकर उनका अपमान किया है। गुस्से में एक मरे हुए सांप को तीर से उठाकर ऋषि के गले में डाल वे वहां से चले गए। पीछे से आए ऋषि शमीक के तेजस्वी पुत्र श्रृंगी ऋषि को इसका पता लगा तो उन्होंने राजा परीक्षित को सात दिन में तक्षक नाग से काटे जाने का श्राप दे दिया। उन्होंने कहा कि कलयुग में केवल दान से धर्म खड़ा है।उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। इस दौरान भक्तजन मधुर गीतों के धुन पर भाव विभोर होकर अविरल भक्ति की धारा में डुबकी लगाते देखे गए।

महिला दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

नाला (जामताड़ा)। नाला प्रखंड मुख्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक समारोह आयोजित की गई। इस समारोह में मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी उप प्रमुख समर माझी पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली मौजूद रहे। समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर की गई7 इस अवसर पर जल सहिया के द्वारा अपने-अपने अनुभवों का सजा किया गया7 इस अवसर पर बाल विवाह पर रोक,घरेलु हिंसा पर रोक आदि पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने नारी सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला7उन्होंने प्राचीन रूढिवादीता को उखाड़ फेंकने और नारी को सम्मान देने की बात कही। इस अवसर पर प्रखंड उप प्रमुख समर माजी ने कहा कि कहा आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, चाहे राजनीति के क्षेत्र में हो चाहे आईएएस, आईपीएस हर क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस परिवार में महिला पुरूष दोनों आत्मनिर्भर है उस परिवार का विकास संभव है। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू, बीडीओ आकांक्षा कुमारी, उप प्रमुख समर माजी, पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली, पेयजल स्वच्छता विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कृष्ण दे, स्वच्छता ग्राही गौरव कुमार झा के अलावा सभी गांव की जनसंख्या मौजूद थी 7 इस अवसर पर जल सईया सांप हालदार पार्वती मरांडी शिखा माझी सुखी रविदास तृप्ति गोरी लतिका मंडल पाता मुनि मुर्मू, गीता दास,लतिका मंडल, शरमा मंडल, कल्याणी मंडल, पिंकी सिंह, गुलाबी मरांडी ,प्रियंका सिंह, मालावती मोहली, फूल कुमारी मंडल, रेखा रानी शाह, आशा लता पाल ,भवानी राय आदि जलसहिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कार्यक्रम में मंत्री संजय प्रसाद यादव ने की अदाणी फाउंडेशन के कार्यों की सराहना

संवाददाता

गोड्डा । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गोड्डा नगर भवन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (चत्नब्ब्ङ्क) द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम एवं प्रशिक्षण मंत्री संजय प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ गोड्डा नगर परिषद की पूर्व चेयरमैन कल्पना देवी, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) स्मिता टोप्पो और अदाणी फाउंडेशन के रीजनल हेड जयंत मोहंती भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद जयंत मोहंती ने अपने स्वागत भाषण में केजीबीवी में अदाणी फाउंडेशन द्वारा किए गए विभिन्न जीर्णोद्धार कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ने विद्यालयों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की हैं।डीडीसी स्मिता टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा, ÷महिलाओं के लिए हर दिन संघर्ष का दिन होता है। शिक्षा ही वह हथियार है, जिसके सहारे वे हर चुनौती को पार कर सकती हैं।÷ वहीं, कल्पना देवी ने भी बेटियों की शिक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि यह समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

मुख्य अतिथि मंत्री संजय प्रसाद यादव ने अदाणी फाउंडेशन के सीएसआर कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में संस्था का योगदान सराहनीय है। उन्होंने केजीबीवी की छात्राओं के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार और समाज को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर गोड्डा जिले के सभी नौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की टॉपर्स को ?10,000 के चेक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही घोषणा की गई कि सभी नौ विद्यालय के टॉप पांच लड़कियों को 10 हजार की राशि पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा. इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य राघवेन्द्र सिंह, समाजसेवी तिलक झा, कौशल यादव, अदाणी पावर के पदाधिकारी सुब्रत देवनाथ, अभिमन्यु आनंद, अदाणी फाउंडेशन के पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, अर्चना सिन्हा, सुमित सागर, अभय वर्मा, व सहयोगी प्रीति यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अदाणी फाउंडेशन की पहल

गोड्डा जिले के सभी नौ केजीबीवी – गोड्डा, सुंदरपहाड़ी, पथरगामा, महागामा, ठाकुरगंगटी, बसंतराय, पोड़ैयाहाट, बोआरीजोर, और मेहरमा–में अदाणी फाउंडेशन द्वारा निम्नलिखित कार्य किए गए

- विद्यालय भवनों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण
- स्मार्ट क्लास एवं आधुनिक शिक्षण सुविधाओं की स्थापना
- ऋह्व वाटर कूलर की व्यवस्था
- आधुनिक रसोईघर और भोजन सुविधा में सुधार
- खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए खेलकिट और स्पोर्ट्स यूनिफॉर्म वितरण- परिसर में पाथवे, गेट, स्टेज एवं बाला पेंटिंग जैसी संरचनात्मक सुविधाओं का निर्माण

इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव छात्राओं की शिक्षा पर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है। वर्ष 2018 में चत्नब्ब्ङ्क की कक्षा 10वीं की परीक्षा सफलता दर 46.65त्न थी, जो 2023-24 में बढ़कर 99.14त्न हो गई।महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस अवसर पर, यह कार्यक्रम न केवल एक उत्सव था बल्कि महिला शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी था। शिक्षा ही वह आधारशिला है, जिससे महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकती हैं और समाज में अपनी पहचान बना सकती हैं।

महिला दिवस पर जनजातीय संध्या डिग्री महाविद्यालय में हुआ विशेष कार्यक्रम

मिहिजाम। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत जनजातीय संध्या डिग्री महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. पूनम कुमारी और शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलन कर किया। डॉ. पूनम कुमारी ने कहा कि भारतीय नारी समाज और परिवार की आधारशिला रही है। उन्होंने बताया कि महिला दिवस की शुरुआत 1908 में अमेरिका में हुई थी, लेकिन भारत में महिलाओं को प्राचीनकाल से ही समानता और अधिकार प्राप्त थे। समय के साथ चुनौतियाँ आईं, लेकिन सरकार उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इतिहास विभाग की शिक्षिका अमिता सिंह ने कहा कि नारी प्रगति की प्रतीक है और जिस समाज में उसका सम्मान नहीं होता, वह पतन की ओर जाता है। शिक्षिका शबनम खातून, पुष्पा टोप्पो और डॉ. किरण बर्णवाल ने भी महिलाओं की सामाजिक स्थिति पर विचार रखे। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. कृष्ण मोहन साह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी रंजीत यादव, देवकी पंजियारा, डॉ. सोमेन सरकार, शंभू सिंह सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएँ और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. राकेश रंजन ने किया।

महिला दिवस पर किया हस्तशिल्प कारीगरों का सम्मान

मिहिजाम। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ओंकार सेवा संस्थान ने वस्त्र एवं हस्तशिल्प मंत्रालय, देवघर के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनके कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में रीतु देवी, माधवी हाजरा, रंजना प्रसाद, अंजू देवी और विशाल कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने की दिशा में प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में 30 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें आधुनिक तकनीकों और बाजार से जुड़ने का मार्गदर्शन दिया गया। इससे वे अपने उत्पादों को बेहतर तरीके से प्रदर्शित और विपणन कर सकेंगी। ओंकार सेवा संस्थान ने इस आयोजन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने का संदेश दिया, जिससे वे अपने हुनर के जरिए सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारी को हमेशा अप टू डेट रहना है

कुंडहित (जामताड़ा)। शनिवार को अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डां कालिदास मुर्मू ने कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण क्या। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा रूम, नर्स कमरा, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, लेबोरेटरी रूम, वार्ड रूम , शौचालय आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक एंव स्वास्थ्य कर्मियों से विभिन्न पहलुओं की जानकारी हासिल कर दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डां कालिदास मुर्मू ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया अभी एक केंद्रीय टीम आने वाले हैं। इसी परिपेक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा स्वास्थ्य केंद्र को किस तरह से सजा कर रखना है इस बिंदु पर चर्चा किया गया । लेबर रूम को तथा ओपीडी रूम को किस ढंग से सजा के रखना है तथा स्वास्थ्य केंद्र में आने वाला मरीजों के साथ किस तरह की व्यवहार करना है इस पर भी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को यह महसूस हो कि वह कहीं बाहर नहीं है घर के अंदर ही चिकित्सा सेवा करा रहे हैं । उन्होंने बताया आज स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक से लेकर चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी तक अपने दायित्व का किस तरह से निर्वाह करना है इस पर भी सभी को जानकारी दिया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर उपलेन मुर्मू, प्रभारी बीपीएम सलिम खान, निर्मल फौजदार, प्रधान लिपिक बीना मुर्मू, डां तापस मंडल, डां ओमप्रकाश महतो, सहित स्वास्थ्य कर्मियों उपस्थित थे।

महिला दिवस पर किया महिलाओं का सम्मान

चितरंजन। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपने पार्टी कार्यालय में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में टीएमसी महिला कार्यकर्ताओं सहित समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्थानीय महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में टीएमसी नेता भोला सिंह, मोहम्मद अरमान और महिला अध्यक्ष अर्पणा रॉय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और उनके निःस्वार्थ योगदान को सम्मानित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण, समानता और सामाजिक उत्थान पर जोर दिया। यह आयोजन महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानने और उन्हें प्रेरित करने का मंच बना, जिससे वे आगे भी समाज में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

छात्राओं के बीच साइकल का किया गया वितरण

नारायणपुर(जामताड़ा)प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रखंड विकास कार्यालय परिसर में छात्र छात्राओं के बीच साइकल का वितरण किया गया।साइकल का वितरण कल्याण विभाग के द्वारा कक्षा आठ के छात्र छात्राओं को मुफ्त में दिया गया।इस अवसर पर उपस्थित 40 बच्चों के बीच साइकल का वितरण किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार अरुणाकर ,शिक्षक सोहन रजक आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 11376 मामले निष्पादित, 1,99,85,057 रूपये की राशि का हुआ समझौता

गोड्डा । झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में सुलहनीय मामले के निष्पादन को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न मामलों से संबंधित 11376 वादों का निष्पादन कर 1,99,85,057 रूपये की राशि का समझौता किया गया। निष्पादित मामले में बैंक रिकवरी, क्रिमिनल कंपाउंडेबल के मामले, बिजली बिल से संबंधित मामले, एमएसीटी से संबंधित मामले, मेट्रीमोनियल वाद के मामले, अन्य सिविल वाद, एक्साइज, सर्टिफिकेट, एफएफ के मामले, स्थाई लोक अदालत के मामले, फ्रंट आफिस के मामले, नियोजन से संबंधित मामले, ट्रैफिक चलान, कोटपा मामले की वसूली हुई। इसके पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का आनलाइन उद्घाटन रांची हाईकोर्ट के इजस्टिस सह झालसा के एक्सक्यूटिव चेयरमेन सूजीत नारायण प्रसाद ने किया। इस अवसर पर प्रधान जिला जज प्रभारी कुमार पवन, परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय, जिला जज प्रथम पवन कुमार, जिला जज द्वितीय निरुपम कुमार, जिला जज चतुर्थ पियूष श्रीवास्तव , सीजेएम अर्जुन साव, प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार झा, महासचिव योगेश चंद्र झा आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर 11 न्यायिक बेंच का गठन किया गया था।

जागरुकता शिविर का आयोजन

गोड्डा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय महिला दिवस पर गहन मध्यस्थता केन्द्र सभागार में विधिक जागरुकता शिविर का आयेजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के शक्तिकरण की दिशा में कानूनी सहित विविध जानकारी दी गई। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल मध्यस्थ रीना कुमारी डे, अफसर हसैनन, प्रदीप कुमार साह आदि ने कहा कि महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विधिक सहायता लेने का पूरा अधिकार है। इसके लिए महिलाओं को जागरुक रहने की जरुरत है। आज भी झारखंड में महिला साक्षरता दर बहुत कम है। ऐसे में बेटा और बेटी को समान रूप से शिक्षित करने का आह्वान किया। साक्षरता से ही जन जागरुकता संभव है। शिक्षित समाज से ही समाज, प्रदेश व देश का विकास हो सकता है। कहा कि महिलाओं को पुरुष की बराबरी का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। वर्तमान सामाजिक परिवेश में महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। ऐसे में कुरीतियों का दमन करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। महिलाओं की रक्षा के लिए अनेक कानून प्रभावी हैं। इसमें घरेलु हिंसा अधिनियम, दहेज प्रताड़ना, पोक्सो, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, मातृत्व हित लाभ,स्त्री की लज्जा भंग करने, दुष्कर्म व लैंगिग हिंसा, व्यवहरण व अपहरण हित अन्य कानूनों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की परंपरा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएलवी एन के झा, बासुदेव मणी

उपविकास आयुक्त ने कुंडहित, खजुरी सहित विभिन्न पंचायत में किया विकास योजनाओं का निरीक्षण

कुंडहित (जामताड़ा) । शनिवार को उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने प्रखंड के खजूरी, कुंडहित एवं गडजोड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों में मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना, सिचाई कूप, तालाब एवं अबुआ आवास का एंव जलछाजन के तहत बनाए गए चेक डैम का निरीक्षण किया। उन्होंने सिन्दु कान्हु अल्पसंख्यक विकास समिति द्वारा जलछाजन विभाग से निर्मित चेक डैम योजनाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कर्मियों को दिशा निर्देश दिया गया। वही अबुआ आवास के लाभुकों को समय से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। खजुरी पंचायत में मनरेगा से संचालित बागवानी योजना में हो रहे कार्यों की जांच की। उन्होंने लाभुकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आम बागवानी योजना व्यक्तिगत लाभ योजना है। अगर आप इसे ठीक से बागवानी करते हैं तो आप आने वाले समय में यह आपके लिए आयवर्द्धक सिद्ध होगी। आपको इससे सालाना आमदनी हो सकती है। वही दवाई, फर्टिलाइजर देने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि कुंडहित प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें कार्य संतोषजनक पाया गया। वहीं लाभुकों को ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर मनरेगा बीपीओ गोविंद घोष, बीएफटी अनंत मंडल, सिन्दु कान्हु अल्पसंख्यक विकास समिति के सचिव कुद्दुस अंसारी के अलावे लाभुकगण उपस्थित थे।

वाजपेई के जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी आयोजित

